Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 337 | बुधवार, 10 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### सांसद बोले- दो लाख टीचर हैं तनाव में

# शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने का मुद्दा राज्यसभा में गूंजा

**नई दिल्ली।**

राज्यसभा में मंगलवार को शिक्षकों के लिए अनिवार्य किए गए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का मुद्दा उठा। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सबसे पहले भाजपा सदस्य सीमा द्विवेदी ने इस मुद्दे को उठाया और सरकार से इस निर्णय के बाद तनाव में चल रहे शिक्षकों को राहत देने की मांग की गई।

इसके बाद कांग्रेस सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी इस मुद्दे को रखा और कहा कि इससे देश के करीब 25 लाख और अकेले उत्तर प्रदेश के दो लाख शिक्षकों की स्थायी नौकरी पर संकट खड़ा हो गया है।राज्यसभा में दोनों सदस्यों ने इस मुद्दे को विस्तार से रखा। सीमा द्विवेदी ने कहा कि सालों से स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों के लिए टीईटी को दो साल के भीतर पास करने की अनिवार्यता से पूरी शिक्षा व्यवस्था के सामने एक संकट खड़ा हो गया है। सरकार को इस पूरे मामले में लाखों



शिक्षकों के हितों को देखते हुए तत्काल जरूरी कदम उठाना चाहिए। प्रमोद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तहत 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त कक्षा एक से आठवीं तक के शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए दो साल के भीतर टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में इन शिक्षकों के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। वे असमंजस में है। सरकार को इस मामले में दखल देते हुए उनके हितों की रक्षा करनी चाहिए।


## उधमपुर-नई दिल्ली के बीच तीन दिन दौड़ेगी विशेष वंदे भारत

**उधमपुर।** 12 से 14 दिसंबर तक उधमपुर-नई दिल्ली के बीच लगातार तीन दिन विशेष वंदे भारत ट्रेन से यात्री सफर कर पाएंगे। उत्तर रेलवे का जम्मू मंडल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आपातकालीन स्थितियों में विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है।इसके तहत 12 से 14 दिसंबर तक उधमपुर-नई दिल्ली के बीच लगातार तीन दिन विशेष वंदे भारत ट्रेन से यात्री सफर कर पाएंगे। वर्तमान में लगातार उड़ानें रद्द होने से यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जम्मू मंडल ने नई दिल्ली और शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) के बीच एक विशेष वंदे भारत ट्रेन (ट्रेन संख्या 02439/02440) चलाने का निर्णय लिया है।

## नाइजीरिया में आर्मी ने की महिलाओं पर फायरिंग, 9 की मौत

**नई दिल्ली।**

नाइजीरियाई सेना के सैनिकों ने उत्तर-पूर्वी अदामावा राज्य में प्रदर्शन कर लोगों पर फायरिंग कर दी। सेना ने सांप्रदायिक झड़पों से निपटने के सेना के तरीके का विरोध कर रही नौ महिलाओं को फायरिंग में मार डाला। उत्तर-पूर्वी नाइजीरिया के अदामावा राज्य में विरोध प्रदर्शन कर रही महिलाओं पर सेना के जवानों ने गोलियां चलाईं, जिसमें कम से कम 9 महिलाओं की मौत हो गई। यह आरोप प्रदर्शनकारियों और पीड़ित परिवारों ने लगाया है। गवाहों और पीड़ितों के परिजनों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, महिलाएं स्थानीय समुदायों के बीच चल रहे हिंसक झड़पों



और सेना की कथित लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थीं।इसी दौरान सेना के जवानों ने रास्ता रोके जाने पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। हालांकि नाइजीरियन आर्मी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रदर्शनकारियों की मौत सेना की गोली से नहीं, बल्कि स्थानीय सशस्त्र समूहों (मिलिशिया) की कार्रवाई में हुई है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने गवाहों और पीड़ित परिजनों के बयान के आधार पर दावा किया है कि फायरिंग सेना ने की। एमनेस्टी नाइजीरिया के निदेशक ईसा सनुसी ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि सेना के मानवाधिकार उल्लंघन का रवैया अब भी नहीं बदला है। अदामावा में हाल के महीनों में बाचामा और चोबो समुदायों के बीच जमीन को लेकर लगातार झड़पें हो रही हैं। इसी के चलते इलाके में कर्फ्यू लगाया गया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सुरक्षा बल कर्फ्यू लागू कराने में नाकाम हैं, जिससे हिंसा थम नहीं रही है। एक पीड़ित पिता ने बताया, सैनिक संघर्ष वाले इलाके से लौट रहे थे और रास्ते में महिलाओं को देख अचानक एक जवान ने हवा में गोली चलाई, फिर बाकी सैनिकों ने सीधा फायर कर दिया।

## अमेरिका की केंटकी स्टेट यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, एक की मौत, संदिग्ध गिरफ्तार


**वाशिंगटन।**

अमेरिका में गोलीबारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को केंटकी स्टेट यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया, तथा एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। राज्य की राजधानी फ्रैंकफोर्ट में पुलिस ने बताया कि परिसर को बंद कर दिया गया है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी कहां हुई। कैंपस पुलिस और स्कूल अधिकारियों ने संदेशों का तुरंत जवाब नहीं दिया। गवर्नर कार्यालय ने गोलीबारी की घटना की पुष्टि की है। फ्रैंकफोर्ट पुलिस ने कहा कि उसने एक सक्रिय हमलावर से जुड़ी एक घटना पर




कार्रवाई की और परिसर को सुरक्षित कर लिया गया है। अधिकारियों ने शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में और जानकारी जारी करने की योजना बनाई है। गवर्नर एंडी बेशियर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जैसे ही और जानकारी उपलब्ध होगी, हम उसे साझा करेंगे। कानून प्रवर्तन अधिकारी घटनास्थल पर हैं और एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। आइए, प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना करें। केंटकी स्टेट एक सार्वजनिक ऐतिहासिक रूप से अश्वेत विश्वविद्यालय है जिसमें लगभग 2,200 छात्र हैं।

## अमूर्त विश्व धरोहर बनेगी दीपावली, यूनेस्को आज कर सकता है एलान



**नई दिल्ली।**

आज दिवाली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर सूची में मान्यता मिलने की संभावना है। ऐसे में आज दिल्ली में विशेष दीपोत्सव मनाने की तैयारी चल रही है। देशभर की ऐतिहासिक धरोहरों में आज (बुधवार) को दिवाली मनेगी। उन्हें रोशनी से गुलजार किया जाएगा। दरअसल, यूनेस्को की ओर से आज सुबह भारत के दिवाली पर्व को अमूर्त विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने की उम्मीद है। इसी का उत्सव मनाने के लिए सभी ऐतिहासिक धरोहरों को रोशनी से नहलाकर फिर दिवाली मनाई जाएगी। इसका मकसद, यूनेस्को प्रतिनिधिमंडल समेत विदेशी मेहमानों को दिवाली से रूबरू कराना है। दिल्ली सरकार विशेष रूप से ऐतिहासिक स्मारकों पर दिवाली जैसी तैयारी कर रही है। मालूम हो कि भारत ने मार्च, 2024 में दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा था।

## 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी के दौरे पर रहेंगे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस महीने की 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी का दौरा करेंगे। जानकारी के मुताबिक, अपने इस दौरे के दौरान वे प्रवासी भारतीयों और जर्मनी के मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। राहुल गांधी के साथ इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरपर्सन सैम पित्रोदा भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से और जर्मनी सरकार के मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे। यह जानकारी इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) ने दी है। आईओसी यूनाइटेड किंगडम के महासचिव विक्रम दुहान के मुताबिक, राहुल गांधी का यह दौरा भारत की वैश्विक भूमिका, लोकतंत्र, विदेश नीति और लोगों के मुद्दों पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी जर्मन सांसदों और भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी विचार-विमर्श करेंगे। आईओसी जर्मनी के अध्यक्ष बलविंदर सिंह ने बताया कि राहुल गांधी के साथ भारतीय प्रवासी कांग्रेस के चेयरपर्सन सैम पित्रोदा भी होंगे। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी इस दौरे में प्रवासी भारतीयों से मुलाकात करेंगे और कई महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगे।'

## शीर्ष भारतीय हथियार निमार्ताओं की रूस में अहम बैठक का आयोजन

### एस-400 मिसाइल सिस्टम और लड़ाकू विमानों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।**

हाल ही में अडानी डिफेंस और भारत फोर्ज जैसी शीर्ष भारतीय हथियार निमार्ता कंपनियों के अधिकारियों ने रूस में मुलाकातें कीं, जहां उन्होंने रूसी सैन्य प्रणालियों के निर्माण के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने और रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत रूस से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर जोर दिया जा रहा है, ताकि महत्वपूर्ण सैन्य उपकरणों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित किया जा सके और स्वदेशी उत्पादन बढ़ाया जा सके। ये बैठकें भारत-रूस रक्षा साझेदारी को मजबूत करने और एस-400 मिसाइल सिस्टम और लड़ाकू विमानों जैसे महत्वपूर्ण उपकरणों के लिए पुर्जों और प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण में देरी की चिंताओं को दूर करने के लिए आयोजित की गईं। यह रूस के साथ भारत के गहरे रक्षा संबंधों और प्रतिबंधों के बावजूद, महत्वपूर्ण



सैन्य उपकरणों के लिए रूस पर निर्भरता को कम करने के भारत के प्रयासों को दशार्ता है। ये बैठकें मास्को द्वारा 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद भारत के रक्षा व्यवसाय जगत के नेताओं की पहली रूस यात्रा के दौरान हुईं। रक्षा व्यवसाय जगत के अधिकारियों की इस यात्रा की पहले कोई सूचना नहीं थी। भारत सरकार रूस के साथ अपने दशकों पुराने रक्षा संबंधों को पुनः स्थापित करने और हथियारों के संयुक्त विकास पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास कर रही है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि अवर सचिव ने मिसरी को रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने की ट्रम्प प्रशासन की इच्छा से अवगत कराया। इसमें कहा गया है कि यह बैठक राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी की फरवरी की बैठक के दृष्टिकोण को ठोस प्रगति में बदलने का अवसर था, जो अमेरिकी सुरक्षा, रोजगार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है, साथ ही भारत के दीर्घकालिक लक्ष्यों का समर्थन करता है।

## अफसरों के मनमाने नियम से गई छत्तीसगढ़ रेल हादसे में 13 की जान

**बिलासपुर।**

छत्तीसगढ़ में बिलासपुर के निकट चार नवंबर 2025 को मेमू ट्रेन दुर्घटना मामले में मुख्य संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट ने जोन के वरिष्ठ अधिकारियों की गंभीर लापरवाही को उजागर किया है। जांच में जोन के अधिकारियों ने तर्क दिया था कि रेलवे बोर्ड के नियम के तहत मनोविज्ञानी परीक्षण में फेल लोको पायलट के साथ सहायक लोको पायलट को सहयोगी के तौर पर लगाकर मेमू ट्रेन का परिचालन किया जा सकता है, जिसे सीआरएस ने सिरे से खारिज कर दिया। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि रेलवे बोर्ड ने 15 अक्टूबर 2024 को स्पष्ट आदेश जारी किया था कि बिना मनोविज्ञानी परीक्षण पास किए किसी भी लोको पायलट के हाथों में मेमू के परिचालन की जिम्मेदारी देना पूरी तरह प्रतिबंधित है।



## नक्सलियों से अब केवल तीन जिले ही प्रभावित 2019 से 29 शीर्ष माओवादी कमांडरों किया गया ढेर

**नई दिल्ली।**

माओवादियों को बड़ा झटका देते हुए सुरक्षा बलों ने 2019 से अब तक 29 शीर्ष माओवादी नेताओं को ढेर किया है, जिनमें से 14 केंद्रीय समिति सदस्य और पोलित ब्यूरो सदस्य इसी साल मारे गए हैं। अब केवल तीन जिले ही 'सर्वाधिक वामपंथी उग्रवाद प्रभावित' के रूप में वर्गीकृत हैं। यह जानकारी मंगलवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दी। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों की संख्या 2014 में 10 से घटकर 2025 (अक्टूबर तक) में पांच हो गई है, जो50 प्रतिशत की कमी दशार्ती है। जबकि, प्रभावित जिलों की संख्या में इस अवधि के दौरान 91 प्रतिशत की तेज गिरावट देखी गई है, जो 126 से घटकर 11 हो गई है। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या अप्रैल, 2018 में 126 से घटकर जुलाई, 2021 में 90, अप्रैल 2024 में 70, अप्रैल, 2025 में 38 और अक्टूबर, 2025 में 11 हो गई है। अब केवल तीन जिले ही वामपंथी उग्रवाद से "सबसे अधिक प्रभावित" माने जाते हैं।



## संपादक की कलम से

# कुल जमा कांगड़ा-2

आगामी चुनाव की तख्ती पर अपना नाम लिखने की कोशिश में भाजपा ने मुद्दों में भावुकता भरी है। लोकसभा में पौंग विस्थापितों की आवाज उठा कर हमीरपुर के सांसद ने जो शहतीर खोजे, उन्हीं के बहाव में कांगड़ा के सियासी टापू सतर्क हो गए। हिमाचल की राजनीति कांगड़ा की पलकें झपक रही है, तो यह फलक अब मेहनत करने लगा है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के सारे चुंबक सुक्खू सरकार ने अपनी ओर खींचने की कोशिश में, माहौल की गर्मी को शांति से पी लिया, लेकिन कुल जमा कांगड़ा अपने नए दर्पण पर पुराने हस्ताक्षर कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांगड़ा के शब्दों में एक नया सियासी एहसास भरते हुए, कांगड़ा बनाम सुक्खू सरकार कर दिया। प्रश्नों का वजन कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार, केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर, इन्वेस्टर मीट के झरोखे और पर्यटन परियोजनाओं में कान्वेंशन सेंटर तक पहुंच गया। जोरावर स्टेडियम की रैली में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को कांगड़ा का जितना शगुन मिला है, वह उसे लौटाने के लिए यहीं के मुद्दों का चयन कर रहे हैं। अब अगर बात सीधे कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार और जदरांगल में केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर तक पहुंच गई है, तो आकाश में सियासत के पंछी कई मार्ग बदलेंगे। यहां शंका-आशंका के बादलों के बीच नए संयोग, नए गठजोड़ और सहमतियों के नए प्रवेश द्वार कांगड़ा की जड़ें खोज रहे हैं। यानी कौन है जो इस बार कांगड़ा को पूरी तरह छाती से चिपकाएगा। पिछले कुछ वर्षों की सियासत ने सत्ता के सारे समीकरण हमीरपुर और मंडी संसदीय क्षेत्रों में स्थापित किए। संसदीय राजनीति ने शिमला के तख्त का आचरण बदल दिया है। निचले हिमाचल में सत्ता के नए तराजू प्रेम कुमार धूमल, जयराम ठाकुर और सुखविंदर सिंह सुक्खू का वजन बताते हैं, तो इसका अर्थ यह भी कि कांगड़ा अब एक निराश पहेली की उपेक्षित संज्ञा बन गया है। आज जहां शीतकालीन प्रवास विधानसभा के शीतकालीन सत्र तक पहुंचा दिखाई देता है, वहां स्व. वीरभद्र सिंह ने कई ग्रंथियां यहीं कांगड़ा में खोली थीं। इसी तर्ज पर प्रेम कुमार धूमल ने धर्मशाला में खेल नगरी और मिनी सचिवालय की छांव में अपनी मंत्री बैठाए। जयराम ठाकुर कांगड़ा की सतह पर इन्वेस्टर मीट के कारनामे में देश के प्रधानमंत्री को ले आए और अब वर्तमान सरकार पर्यटन कैपिटल के चिराग जलाए अपने साज खोल रही है। कांगड़ा के झुरमुट से गुजरती राजनीति ने कई बिल्ले चिपकाए हैं, लेकिन जब-जब सत्ता का बंटवारा हुआ तो तमाशबीन यहां के नेता बन गए। बहरहाल अनुराग ठाकुर के बाद आया जयराम ठाकुर का बयान पूरी कांग्रेस सरकार की तफतीश कर रहा है। जयराम ठाकुर याद दिलाते हैं कि किस तरह उन्होंने धर्मशाला में जी-20 व देश के मुख्य सचिवों के सम्मेलन करवा कर इस शहर को हिमाचल की इवेंट सिटी बनाने की दिशा में प्रयास किया, लेकिन प्रस्तावित तथा वित्त पोषित कान्वेंशन सेंटर परियोजना धूल फांक रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा मौजूदा सरकार के तीन सालों का पीछा करते हुए कांगड़ा की हड्डियां टटोल रही है। उधर राजनीतिक फासलों के मध्य मंडी में कांग्रेस सरकार अपने तीन साल के इकबाल को पेश कर रही है। एक नए शिविर में कांग्रेस की सत्ता अपना हुस्न दिखा रही है, तो उसकी अदाओं की वास्तविकता और आने वाले समय की अवधारणा को चिन्हित करते मंसूबे मंडी की माटी का तिलक लगाएंगे। जाहिर है अब सरकार की कर्मठता के उच्चारण और संदेश बदलेंगे।


ललित शर्मा
संपादक

मोनिका डागा

उदय किशोर साह



कविता

शाश्वत है बन्धु    मौत का आना
फिर क्यूँ मौत से है हमें  घबराना
पल पल  बढ़ रहें हैं उनके    पास
ये जीवन है प्रियवर बहुत ही खास

हँसी खुशी पूर्वक जीवन को बिताना
दुश्मन को भी तुँ अब गले    लगाना
भले ही ना करता हो तुमसे कोई बात
गर दु:ख से पाना हो तुमको    निजात

गरीबी अमीरी के बीच बनी क्यूँ खाई
कैसी ये बेरहम दुनियाँ प्रभु तुँ है बनाई
कोई गरल पीकर है नित्य ही      मरता
कोई बदनसीब बालक भूख से तड़पता

बाल गोपाल सब हैं  भगवान का  रूप
फिर क्यूं चुनवाता है   कबाड़ खाता धुप
इन मासुम की दर्द कौन सुनेगा     आज
कब होगी इनके सर पे अधिकार का ताज

जन्म दाता वृद्धाश्रम में है पाया वनवास
कब रूकेगी इनकी नीज घर से  प्रवास
औलाद के लिये माता पिता है    वरदान
इनकी पूजा किया है पृथ्वी पे   भगवान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सर्दियों की ठिठुरन मिटाएं: भारत की ये 5 गर्माहट भरी जगहें बनेंगी परफेक्ट विंटर गेटवे



सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन नहीं करता और नहाने का नाम लेते ही कंपकंपी शुरू हो जाती है। यदि आप भी इस कड़ाके की ठंड से बचना चाहते हैं, तो किसी शानदार बीच वैकेशन पर जाना बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप भी इन बीच प्लेसेस पर जरुर घूमने जा सकते हैं। सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन बिल्कुल भी नहीं करता है। नहाने के नाम से कंपकंपी शुरू हो जाती है। अगर आप भी ठिठुरन वाली सर्दी से बचना चाहते हैं, तो आप शानदार बीच वैकेशन पर जा सकते हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में ठंड का ऐसा कहर देखने को मिलेगा किह कि सूरज देवता भी कोहरे की चादर ओढ़कर सो रहे होंगे। चार-चार स्वेटर पहनने के बाद भी जब ठंड हड्डियों तक पहुंचने लगे, तो समझ आता है कि सर्दी अपने चरम पर है। ऐसे में आपके मन में एक ही सवाल आता है कि काश कही थोडी धूप और हल्की गर्माहट मिल जाए। ऐसे में आप सर्दी में विटामिन डी यानी भरपूर धूप लेने के लिए समुद्र की लहरों में छुट्टियां बिता सकते हैं। इस लेख में हम आपको 5 ऐसी जादुई जगहों के बारे में बताएंगे, जहां पर आप सर्दी में छुट्टी मनाने के लिए जा सकते हैं।

**गोवा:** सर्दियों में धूप का नाम लिया जाए और गोवा का ख्याल न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। जब बाकी देश स्वेटर में ठिठुर रहा होता है, तब गोवा में लोग टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहनकर समुद्र किनारे मजे कर रहे होते हैं। दिसंबर और जनवरी में यहां का मौसम न तो बहुत गर्म होता है और न ही ठंडा बिल्कुल परफेक्ट होता है। ठंडी ड्रिंक्स के साथ सनबाथ लेने का मजा ही कुछ और है।

**पुडुचेरी:** अगर आप शोर-शराबे से दूर जाना चाहते हैं, तो पुडुचेरी जरुर जाएं। यहां की फ्रेंच वास्कुला, रंग-बिरंगे घर और खूबसूरत समुद्र तट आपको एकदम हटके फील कराएंगे। पुडुचेरी का मौसम इतना प्यारा है कि आप आराम से साइकिल चलाकर पूरा शहर घूम सकते हैं। इधर आप फ्रेंच कैफे में बैठकर फ्रेच खाने का मजा ले सकते हैं।

**अंडमान और निकोबार:** यदि आपका बजट जबरदस्त है, तो आप अंडमान और निकोबार घूमने जा सकते हैं। यहां का नीला पानी और सफेद रेत आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। यहां आप स्कूबा डाइविंग जैसे वॉटर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हैं। अंडमान और निकोबार में पानी के अंदर की दुनिया देखने के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। इस मौसम में यहां का पानी एकदम साफ और शांत नजर आता है।

**गोकर्ण, कर्नाटक:** अगर आप गोवा नहीं जाना चाहते हैं, तो इस ऑफबीट जगह पर जरुर जाएं। भीड़भाड़ से दूर गोकर्ण एक छिपा हुआ खजाना है। यहां के ओम बीच और कुडल बीच बेहद ही शांत और साफ है। इसके अलावा, आप यहां पर मंदिर के दर्शन के साथ ही समुद्र की लहरों का आनंद ले सकते हैं। यहां पर आप डूबते हुए सूरज देखने का नजारा का आनंद ले सकते हैं।

**केरल:** यहां की हरियाली और बैकवाटर्स सर्दियों में और भी खूबसूरत हो जाते हैं। यहां पर आप मुन्नार के चाय बागनों में घूम सकते हैं या अल्लेप्पी में हाउसबोट पर रहकर पानी के बीच सुकून के पल बिता सकते हैं। यहां पर आपको नॉर्मल मौसम मिलेगा, क्योंकि यहां ठंड नहीं पड़ती, बल्कि हल्की-मीठी सी ठंडक होती है, जो काफी सुकून पहुंचाती है।

# हार्ट अटैक आने से पहले शरीर देने लगते हैं खतरे के 5 संकेत, समय रहते कर लें ध्यान



अधिकतर लोग सोचते हैं कि दिल का दौरा बिना किसी चेतावनी के अचानक पड़ता है, जबकि हकीकत यह है कि शरीर पहले से ही कई संकेत देने लगता है। दुर्भाग्य से लोग अक्सर इन शुरूआती लक्षणों को समझ नहीं पाते और अनदेखा कर देते हैं। यदि इन संकेतों पर समय रहते ध्यान दे दिया जाए तो बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है। आइए जानते हैं कि हार्ट अटैक से पहले शरीर कौन-कौन से लक्षण दिखाना शुरू करता है।

वैसे एक रिसर्च में पाया गया है कि सबसे ज्यादा हार्ट अटैक सर्दियों के मौसम में पड़ते हैं। अक्सर हार्ट अटैक अचानक और बिना चेतावनी वाली घटना मानी जाती है, हालांकि, यह धारणा पूरी तरह से ठीक नहीं। हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया है कि हार्ट अटैक आने से पहले शरीर कई संकेत देता है, जिन्हें लोग अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। अगर आप इन लक्षणों को सही समय पर पहचान लें, तो जान बचाई जा सकती है। वैसे इस तरह के संकेत काफी मामूली होते हैं, लेकिन इनकी अनदेखी जानलेवा मानी जाती है। आइए जानते हैं हार्ट अटैक से पहले शरीर कैसे संकेत देना शुरू करता है।

**काम करते वक्त सांस फूलना**

अगर आपको चलने, सीढ़ियां चढ़ने या हल्की-फुल्की सफाई करते समय जल्दी-जल्दी सांस चढ़ने लगे, तो यह दिल की कार्यक्षमता घटने का संकेत हो सकता है। दिल जब पर्याप्त ताकत से खून नहीं पंप कर पाता, तो फेफड़ों को मिलने वाली ऑक्सीजन कम हो जाती है जिसके कारण सांस लेने में परेशानी महसूस होती है। इस स्थिति को डिस्प्निया कहा जाता है और यह हार्ट फेल्योर या कोरोनरी आर्टरी डिजीज का शुरूआती लक्षण भी हो सकता है।

**सोने में दर्द, दबाव या बेचैनी महसूस करना**

हार्ट अटैक का यह सबसे आम लक्षण है, हालांकि इसे हमेशा तेज दर्द के रुप में अनुभव किया जाता है। कई बार सीने में भारीपन, जलन, कसाव या दबाव जैसा महसूस होता है। यह दर्द कभी-कभी बाएं हाथ, जबड़े, गर्दन या पीठ तक फैलता है। यह आराम करने पर कम हो सकता है और शारीरिक या भावनात्मक तनाव में बढ़ सकता है। इसको आप नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

**चक्कर आना, बेहोशी या धड़कनों का तेज होना**

यदि आपको बिना किसी कारण से चक्कर आना, सिर हल्का होना या बेहोश हो जाना इस बात का संकेत है कि दिमाग तक सही मात्रा में ब्लड नहीं पहुंच पा रहा है। अगर धड़कने अचानक से तेज हो जाए, धीमा या अनियमित हो जाना भी हार्ट की एलेक्ट्रिक रिदम में गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। यह लक्षण एरिथमिया से जुड़ा हुआ हो सकता है।

**असामान्य कमजोरी या थकान**

अगर बिना कोई भारी काम किए ही लगातार थकान या कमजोरी महसूस होने लगे, खासकर महिलाओं में, तो यह दिल में गड़बड़ी का संकेत हो सकता है। ऐसी थकान आराम करने पर भी ठीक नहीं होती। इसकी वजह यह है कि दिल को पर्याप्त खून नहीं मिलता और शरीर तक ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है जिसके चलते व्यक्ति हमेशा थका-थका और सुस्त महसूस करता है।

# सर्दियों में गुड़ नहीं होगा पत्थर की तरह टाइट, फॉलो करें नरम रखने के लिए ये आसान तरीके

सर्दियों में अक्सर गुड़ को संभालकर रखना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि ठंड में यह बहुत कठोर हो जाता है और इसे तोड़ना या उपयोग करना परेशानी भरा बन जाता है। लेकिन यदि आप चाहें, तो पूरे मौसम गुड़ को नरम बनाए रख सकती हैं, बस इसे सही तरीके से सही से स्टोर करने की आवश्यकता होती है। सर्दियों के सीजन में सबसे ज्यादा गुड़ ही खाया जाता है। यह सेहत के साथ ही ठंड में शरीर को गर्म रखता है। आमतौर पर सर्दियों में एक समस्या आती है, वह गुड़ स्टोर करने में क्योंकि यह सर्दी में पत्थर जैसा हो जाता है, इसको तोड़ना या इस्तेमाल करना काफी मुश्किल हो जाता है। यदि आप चाहे तो गुड़ पूरे मौसम में नरम और मुलायम रख सकती हैं, इसको आपको सही तरीके से स्टोर करना है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कुछ आसान तरीके, जिन्हें अपनाकर आप गुड़ को पत्थर होने से बचा सकती है।

**एयरटाइट कंटेनर का इस्तेमाल करें**

इस मौसम में गुड़ सख्त होने का कारण हवा और नमी का संपर्क में आना है। अगर आप ऐसे में हमेशा गुड़ को एयरटाइट कंटेनर या जार में रखना चाहिए। इसके लिए कांच और अच्छी क्वालिटी के प्लास्टिक के डिब्बे सबसे बेहतरीन है।

**किशमिश का करें इस्तेमाल**

गुड़ को मुलायम रखने के लिए उसके कंटेनर में हल्की नमी बनाए रखना जरूरी होता है। इसके लिए आप डिब्बे में गुड़ के साथ दो-तीन ब्रेड के टुकड़े या कुछ साफ किशमिश रख सकती हैं। ये चीजें नमी को संतुलित रखती हैं, जिससे गुड़ कठोर नहीं होता। आपको बताते चलें कि ब्रेड या किशमिश धीरे-धीरे अपनी नमी छोड़ते हैं, जिससे गुड़ का वातावरण नम बना रहता है और वह सख्त नहीं होता है।

**कपड़े में लपेटकर करें गुड़ को स्टोर**

यदि आप गुड़ को छोटे टुकड़े या फिर भेली के रुप में स्टोर कर रहे हैं, तो यह तरीका बहुत काम आता है। इसके लिए आप गुड़ को पहले किसी प्लास्टिक रैप या एल्युमिनियम फॉइल में अच्छे से लपेटकर रख सकते हैं। आप चाहें तो गुड़ को किसी साफ सूती कपड़े में लपेटकर एयरटाइट कंटेनर में रख सकते हैं।

**यदि गुड़ पहले से टाइट तो क्या करें?**

यह सवाल भी बेहद काम का है कि अगर गुड़ पहले से ही टाइट तो क्या किया जाए। टाइट गुड़ को नरम बनाने के लिए आप माइक्रोवेव बाउल में रखें और 10-15 सेकंड के लिए इसे ऑन करें। अब इसको थोड़ी देर के लिए गर्म पानी की भाप पर रखें।

ध्यान रखें कि गुड़ को पिघलाने से बचें। हल्का करने से वह कुछ ही देर के लिए नरम हो जाएगा और इसको आप आसानी से यूज कर सकते हैं।



# आर.एस.एम. कॉलेज धामपुर के बी.एस.सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण: रवि धनकड

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**धामपुर।** आर.एस.एम. (पी.जी.) कॉलेज, धामपुर, बिजनौर के बी.एस.सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर के उन छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ,यह शैक्षणिक भ्रमण द्वारिकेश शुगर मिल, अफजलगढ़ में आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों को गन्ने से चीनी बनने तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर मिला। यह शैक्षणिक भ्रमण विषय के कोर्डिनेटर डॉ. रवि धनकड़ व डॉ. हिमांशु त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

मुख्य महाप्रबंधक उमेश कुमार सिंह बिसेन ने छात्रों का स्वागत करते हुए शुगर उद्योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य में शुगर मिलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने गन्ने की उगाई जा रही उन्नत किस्मों, उनकी बुआई की आधुनिक विधियों एवं किसानों को प्रदान की जा रही तकनीकी सहायता पर उपयोगी जानकारी साझा की। प्रदीप शर्मा (इलेक्ट्रिकल विभाग) व निशांत भारद्वाज (मकेनिकल विभाग) ने यूनिट का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान छात्रों को गन्ने की क्रशिंग, जूस एक्सट्रैक्शन, क्लैरिफिकेशन, इवापोरेशन और क्रिस्टलाइजेशन की विस्तृत वैज्ञानिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। साथ ही शुगर मिल में तैयार होने वाले महत्वपूर्ण बाय-प्रोडक्ट्स बगास, मोलासेस और प्रेसमड के प्रबंधन एवं उनके औद्योगिक व कृषि उपयोग की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। मिल परिसर में स्थित उद्यान विभाग के विशेषज्ञ विजय कुमार तोमर ने छात्रों को परिसर में लगे मौसमी फूलों और पौधों की विभिन्न जातियों, उनकी पोषणात्मक आवश्यकताओं तथा सजावटी बागवानी के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने वमीर्कंपोस्ट यूनिट लगाने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उन्होंने बताया कि कृषि अवशेषों का वैज्ञानिक प्रबंधन न केवल पर्यावरण की दृष्टि से आवश्यक है, बल्कि इससे जैविक उर्वरक, कम्पोस्ट, बायोगैस तथा ईंधन जैसे वैकल्पिक संसाधनों का उत्पादन कर कृषि को अधिक टिकाऊ बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पोस्ट हार्वेस्ट तकनीकों का सही उपयोग किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

भ्रमण को सफल बनाने में मुख्य गन्ना प्रबंधक अनिल पंवार एवं प्रशासनिक ऑफिसर राहुल दुबे का सहयोग सराहनीय रहा, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का समन्वय और संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया। इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण का अनुभव प्राप्त हुआ।

## हाथियों के झुंड ने रौंद डाली अन्नदाता की फसल

**अफजलगढ।** क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला एवं जामनवाला के कृषकों की गन्ने की फसल को निरन्तर लगभग एक सप्ताह से कालागढ वन्य क्षेत्र के जंगली हाथी बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से समस्या समाधान हेतु कई बार अनुरोध किया किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने शिवसेना यूबीटी जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा के नेतृत्व में वन विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। चौ.संजय राणा ने वन विभाग के अधिकारियों को सचेत करते हुए बताया कि यदि तत्काल समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो वन विभाग के खिलाफ वृहद आंदोलन किया जायेगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में शिवसेना जिलाध्यक्ष चौधरी संजय राणा, अतरसिंह, गोविंद सिंह, आर्यन सिंह, जोगिंदर सिंह, सिकंदर सिंह, महिंदर सिंह. सरदार सोनू सिंह. सुखदेव सिंह, करण सिंह, अतुल शर्मा, राकेश शर्मा, सरदार प्रीत पाल सिंह, सरदार तेजपाल, सरदार जोगेंद्र सिंह, महिंदर सिंह, बदन सिंह, पंकज कुमार, विजय यादव, बलराम राठी, बंटी यादव। परवीन सिंह, मेजर सिंह, परवीन सागवान आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर के सम्बन्ध में बीएलओ की बैठक हुई सम्पन्न



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**मुरादाबाद.** विधान सभा 26 ठाकुरद्वारा के अन्तर्गत बूथ संख्या 311से 314 तक मतदान केन्द्र रहटा माफी, बूथ सं. 273 से 275 तक धींगरपुर मूलावान, बूथ सं. 275 से 279 सर्वोदय इंटर कालेज डिलारी तथा बूथ सं. 315 से 318 तक रा०इ०कालिज अदलपुर सालारपुर में सभी अलग-अलग मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों , पंजीकृत राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटो तथा गणमान्य व्यक्तियों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एएसडी मतदाताओं तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्वाचन संबंधी जानकारी दी गई। बैठक में जितेन्द्र कुमार चौहान पर्यवेक्षक, सतेन्द्र सिंह चौहान पर्यवेक्षक, डॉ अनुपम शर्मा,विनेश कुमार मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, तुलाराम सिंह ग्राम प्रधान, खुर्शीद अहमद पूर्व ग्राम प्रधान, सचिन कुमार, जिला प्रतिनिधि दुष्यन्त कुमार, स्वाति चौधरी, दीपक रघुवंशी, रिजवान, मौ० रफी, धर्मवीर, खगेन्द्र राणा, शिवम, पवन यादव,केशव कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ठाकुरद्वारा-स्योहारा रोड पर दर्दनाक हादसा दो स्कूटी सवार युवकों की मौत



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर स्योहारा स्योहारा। सोमवार की शाम लगभग 6 बजे ठाकुरद्वारा, स्योहारा रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार ठाकुरद्वारा से स्योहारा की ओर आ रहे दो स्कूटी सवार युवकों की अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान फैज उर्फ गोलू पुत्र अनीस उर्फ मुन्ना, निवासी मोहल्ला शेखान, स्योहारा तथा रिहान पुत्र उस्मान, निवासी हाता स्योहारा के रूप में हुई है। हादसा होते ही राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत सीएचसी स्योहारा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हायर सेंटर ले जाते समय दोनों युवकों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। शवों को वापस स्योहारा लाया गया, जहां परिजनों का रो, रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के कार्यकताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर दिया तहसीलदार को ज्ञापन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद जिला संगठन मंत्री चौधरी जगबीर सिंह की अध्यक्षता मे तथा जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा के संचालन भाकियू महात्मा टिकैत की मासिक मीटिंग तहसील प्रांगण नजीबाबाद में आयोजित की गई ,जिसमें आठ सूत्रीय ज्ञापन उप जिला अधिकारी के नाम संबोधित करते हुए तहसीलदार महोदय को सुपुर्द किया गया ।जिसमें सरकार द्वारा वित्त पोषित गौशालाओं में गोवंशों की हो रही दुर्गति को लेकर प्रशासन को अवगत कराया गया ब्लॉक में संचालित गौशालाओं में पशुओं को भरपेट चारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है ,तथा ठंड से बचने के पर्याप्त उपाय न होने के कारण गोवंश अकाल मृत्यु के ग्रास बन रहे हैं, लगभग हर ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जों के मामले तहसीलों में लंबित पड़े हुए हैं, जिन पर औपचारिक कार्यवाही के नाम पर शिकायतकताओं को टरकाया जाता है, पूर्ति कार्यालय में राशन कार्ड स्वीकृति के लिए महीनों से लंबित पड़े हैं,सप्लाई इंस्पेक्टर द्वारा कोई संज्ञान नहीं दिया जा रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के क्षतिग्रस्त हैं जिसके कारण किसानों को गन्ना ढोने में तथा ग्राम वासियों को आवागमन में काफी मुसीबतों को सामना करना पड़ रहा है ,युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि उपर्युक्त बिंदुओं पर कार्यवाही न होने की स्थिति में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी, उपजिला अधिकारी इन बिंदुओं पर कार्यवाही करते हुए भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारी को अवगत करायें। मासिक मीटिंग में जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह ,कपिल चौधरी ,ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश सिंह, तहसील प्रभारी सुनील चौधरी, विजेंद्र सिंह, कपिल अंसारी ,शहजाद मलिक, कुलदीप मोर ,कृष्ण कुमार, राजकुमार, धर्मेंद्र, सतपाल शर्मा, सुधीर चौधरी, बहार आलम आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोतवाली शहर क्षेत्र से गुमशुदा हुई 2 बालिकाएँ पुलिस ने सकुशल बरामद



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के शहर कोतवाली से जो दो युक्तियां लापता हुई थी उनको पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है एसपी ने जो टी में लगाई थी उनकी मेहनत रंग लाई पुलिस पर किसान यूनियन वे राजनीतिक दबाव भी बना हुआ था एसपी ने सभी को विश्वास दिलाया था की जो टीम में लगाई थी वे लगातार मेहनत कर रही है लगातार सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी टीम की मेहनत लाई रंग।पुलिस की सतत और प्रभावी कार्रवाई से परिजनों ने ली राहत की सांस। व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाकर टीमों ने हासिल की बड़ी सफलता।

# निर्माण कार्य स्थायी, सुरक्षित एवं दीर्घकालिक हों- डीएम आकांक्षा





**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता,** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यकारिणी समिति (आपदा) की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तावित मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और सभी निर्माण कार्य स्थायी, सुरक्षित एवं दीर्घकालिक हों।जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थलीय निरीक्षण स्वयं करें, फील्ड पर सक्रिय रहें और कार्यों की रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित करें साथ ही थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन की कार्यवाही भी त्वरित पूर्ण करें। उन्होंने सभी विभागों को सरल, स्पष्ट एवं निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करने, कार्यों में गति लाने और परस्पर समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल ने विभागों को पूर्व में अनुमोदित कार्यों की यूसी (उपयोगिता प्रमाणपत्र) शीघ्र उपलब्ध कराने एवं लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहित विभिन्न विभागों के अभियंता एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा विकास क्षेत्रान्तर्गत बीसा कॉलोनी में अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनियों पर कड़ी कार्रवाई की गई। प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल ने स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से मै० असलम द्वारा लगभग 3 बीघा एवं शादाब द्वारा लगभग 5 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर सील कर दिया। यह कार्रवाई सक्षम प्राधिकारी के निर्देश पर सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में की गई। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ. अंकुर लाठर के मार्गदर्शन में यह अभियान लगातार जारी है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण न करें तथा अवैध कॉलोनियों में भूखण्ड क्रय-विक्रय से बचें। स्वीकृत कॉलोनियों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# यूसुफ के हत्यारों को मिले सख्त सजा, परिवार को आर्थिक मदद दे सरकार : कांग्रेस



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर ।** छतारी नगर के नगला बंजारा निवासी यूसुफ को डिबाई क्षेत्र के गांव भीमपुर में भीड़ द्वारा पीट पीटकर मौत के घाट उतारे जाने की घटना पर मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान नगला बंजारा पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर इंसाफ का भरोसा दिलाया । कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मृतक की मां सोना और पत्नी शकीला से पूरी घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिजनों ने कहा कि अखबारों में पुलिस गलत और मनगढ़ंत बयान देकर मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यूसुफ की हत्या की गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिलने के बाद एसएसपी ऑफिस में एसपी देहात से मिले और घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन देकर यूसुफ के हत्यारों पर हत्या की धारा में मुकदमा तरमीम करने की मांग की और घटना की निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों को जेल भेजने की मांगना की। साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की मांग भी प्रशासन से की है । साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने अनूपशहर में कांग्रेस नेता इशांक उर्फ इशू शर्मा के घर हुई डकैती का खुलासा भी करने की मांग की । कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने एसपी देहात से मिलने के बाद कहा कि यूसुफ की भीड़ द्वारा जानबूझकर कर हत्या की गई है और माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया है ।उन्होंने कहा कि आरोपियों को पुलिस गैर इरादतन हत्या का केस बताकर बचाने का प्रयास कर रही है जो स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुकदमे में हत्या की धारा बधाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मामला मोबलिंचिंग का है जिसे पुलिस दबाने का प्रयास कर रही है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छतारी के स्थानीय भाजपा नेता परिवार पर दबाव बना रहे हैं जो शर्मनाक है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, प्रशांत बाल्मिकी, देशदीपक भारद्वाज, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, मनीष चतुर्वेदी, आशु कुरैशी, नईम मंसूरी, सादिक सैफी, सुरेंद्र उपाध्याय, कुंवर आदिल आदि मौजूद रहे।

# क्रिसमस रैली में जल ही जीवन है संदेश देगा नगर निगम

**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** नगर निगम 20 दिसंबर को निकाली जाने वाली क्रिसमस रैली में जल ही जीवन है का संदेश देगा। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने क्रिसमस डे पर पेयजल, पथ प्रकाश व साफ सफाई की विशेष व्यवस्था नगर निगम द्वारा करने का आश्वासन क्रिश्चियन समाज व प्रमुख चर्चो के पादरियों को दिया।


क्रिसमस डे पूर्ण व्यवस्थाओं के साथ सौल्लास मनाने के लिए आज शाम महापौर डॉ.अजय कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम में शहर के सभी प्रमुख चर्च के पादरियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था, उसी बैठक में महापौर व नगरायुक्त ने यह आश्वासन दिया। महापौर ने क्रिसमस डे व उससे सम्बद्ध आयोजनों को पूरे उत्साह से मनाने के सम्बंध में सभी पादरियों से विस्तार से संवाद किया। महापौर व नगरायुक्त ने आश्वस्त किया कि सभी चर्च के बाहर पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करायी जायेगी और जहां स्ट्रीट लाइट नहीं है वहां स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा चर्च के निकट विशेष साफ-सफाई, पानी के मोबाइल टैंकर व मोबाइल शौचालय की व्यवस्था निगम द्वारा करायी जायेगी। क्रिसमस ट्री व प्लांटेशन के लिए भी स्थान उपलब्ध कराया जायेगा और रंगोलियां बनवायी जायेंगी। महापौर अजय कुमार ने कहा कि 20 दिसंबर को निकाली जाने वाली क्रिसमस रैली में इस बार नगर निगम ह्यह्यजल ही जीवन है का संदेश देते हुए अपनी भागेदारी करेगा। बैठक में उपसभापति मयंक गर्ग, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार,सहायक नगरायुक्त जे पी यादव, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ.प्रवीन शाह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव व वी बी सिंह, जेडएसओ राजीव चैधरी के अलावा फादर संजय एब्ले सिंह, फादर सुनील उन्नीकृष्णन, फादर राजन पिल्लई, फादर रॉक्वेल लुईस, फादर राकेश मैथ्यू, फादर आलोक सिमॉन, फादर जसपाल भट्टी व रश्मि टेरेंस सहित क्रिश्चियन समाज के अनेक लोग शामिल रहे।



# पंचकल्याणक महा महोत्सव के पंचम दिवस तप कल्याणक

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**





**मेरठ।** पंचकल्याणक महामहोत्सव के पंचम दिवस तप कल्याणक मनाया गया। महाराज नाभी राय द्वारा तीर्थंकर वृषभ देव का विवाह तय किया गया उनका विवाह कक्ष महाकक्ष देश की राजकुमारी नंदा सुनंदा के साथ संपन्न हुआ तत्पश्चात नाभी राय ने आदिनाथ का राज्याभिषेक कर उन्हें राज्य सौंप दिया उनसे दो पुत्र भारत, बाहुबली सहित 100 पुत्र और दो पुत्री ब्राह्मी सुंदरी हुई ब्राह्मी सुंदरी को अक्षर विन्यास और अंक विन्यास की शिक्षा का ज्ञान दिया राजकुमार भारत को अयोध्या का और राजकुमार बाहुबली को पोदनपुर का राज्य सौंप कर दीक्षा लेकर वन की ओर प्रस्थान किया आज के दिन महाराजा आदिनाथ ने असि मसि कृषि शिल्प कला वाणिज्य की शिक्षा देकर देश को लोगों को व्यवसाय करने की कृषि करने की व्यापार करने की शिक्षा प्रदान की और लोका?तिक देवों के द्वारा उनके बैराग की अनुमोदना की गई तत्पश्चात महाराजा आदिनाथ ने जैनेश्वरी दीक्षा ली यह संस्कार पूज्य उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी महाराज सत्संग के सानिध्य में हुए।


चेयरमैन वीरेंद्र कुमार जैन पुष्प ज्वेलर्स प्रदीप जैन दीपक जैन ऋषभ जैन अजय जैन आलोक जैन विपिन जैन संजीव जैन (प्रवक्ता) संजय जैन कलश अभिनव जैन प्रदीप जैन मुकेश जैन संजीव जैन पंप वाले प्रथम जैन आनंद जैन आदि उपस्थित रहे। पंचकल्याणक महा महोत्सव में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इंदौर से पधारे रूपेश जैन (भजन सम्राट) द्वारा एक से एक बढ़कर भजनों से बाबा की भक्ति करी गई जिससे उपस्थित अपार जन समूह झूमने नाचने के लिए मजबूर हो गया रूपेश जैन जी द्वारा सुनाए गए भजन इस प्रकार हैचौरासी लाख मंत्रों का जो सरताज है...

## पुलिस ने चैकिंग के दौरान वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**रामघाट/बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार द्वारा जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु जनपद में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ तेजवीर सिंह के सकुशल निर्देशन व पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रखर पांडेय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संदीप सिंह के नेतृत्व में रामघाट पुलिस ने बीएनएस वांछित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आपको बता दें रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया है कि वांछित को पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एस आई मनोज कुमार हैड कांस्टेबल राजेश कुमार कांस्टेबल राहुल कुमार द्वारा गिरफ्तार किया गया है।पंजीकृत मुकदमा 143/25 बीएनएस सहित अन्य धाराओं मैं वांछित अभियुक्त 24 वर्षीय नीरज पुत्र नवल किशोर निवासी रामघाट को चेकिंग के दौरान अदद डंडा नहर पुल से बरामद कर जेल भेजा।

# दिल्ली बार काउंसिल चुनाव की तैयारी में अपनी टीम के साथ लगे है दुष्यंत नायक

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली बार काउंसिल को 31 जनवरी, 2026 तक चुनाव कराने का निर्देश दिया है। ऐसे में दिल्ली बार काउंसिल चुनाव के लिए कई दिग्गज सीनियर एडवोकेट ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। हर किसी का अपना अलग अलग मुद्दा पर लगातार हर दिन जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे ही तैयारी जोर शोर कर दी है।

वही दिल्ली के सीनियर एडवोकेट दुष्यंत नायक भी फील्ड में उतर गए हैं और तैयारी शुरू कर दी है। उत्तराखंड में जन्में दुष्यंत नायक का जिवन काफी संघर्ष वाला रहा हैं। आज दिल्ली में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं वकीलों की भीड़ हर दिन बढ़ता जा रहा है लोगो ने कहा दुष्यंत नायक एक अच्छा इंसान है हमेशा अपने सामाजिक कार्य में आगे रहते है। और सबसे बड़ी बात वो युवाओं को प्रेरित करते हैं उनको कामयाबी तक पहुंचने में अपना भरपूर समर्थन करते है। गरीब बेसहारा परिवार को भी मददगार के रूप में हमेशा आगे रहते है। मंगलवार को जब दुष्यंत नायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे तो कई वकीलों ने अपना समर्थन दिया।

## सार संक्षेप

### शाहजहांपुर में प्रहरी द्वारा कम्बल वितरण, जरूरतमंदों में खुशी की लहर



**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर में ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से थाने के प्रहरी प्रमोद कुमार द्वारा जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए ठंड के बीच आयोजित इस सामाजिक पहल में कई गरीब और असहाय लोगों को गर्माहट का सहारा मिला।प्रहरी प्रमोद कुमार ने अपने स्तर से यह मानवीय कदम उठाते हुए कहा कि समाज सेवा हर किसी का दायित्व है, और ऐसे कार्य लोगों के बीच आपसी सहयोग तथा भरोसा मजबूत करते हैं। स्थानीय लोगों ने उनकी इस पहल की सराहना की और धन्यवाद व्यक्त किया।कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सौहार्द और संवेदनशीलता का वातावरण देखने को मिला, जिससे जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी।

### नाटक के जरिए सिंदूर मिशन कार्यक्रम की छात्रों ने प्रस्तुति दी



**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लॉक के ठठरा गांव स्थित राजकीय हाई स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं करियर मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा सिंदूर मॉडल नाटक के प्रस्तुत भारत में हुई पहलगाम घटना के जवाब में आतंकवाद को खत्म करने एवं उनको मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सिंदूर मिशन कार्यक्रम पर आधारित नाटक की प्रस्तुति से सभी को जागरूक किया। इस मौके पर करियर मेला के रूप में प्रयोगशाला एवं कक्षा का अतिथियों द्वारा अवलोकन कराया गया। जिसमें विद्यालय द्वारा छात्रों के सफलता के लिए पठन-पाठन पर अतिथियों द्वारा फीडबैक दिया गया। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों को आकर्षित किया। कार्यक्रम में छात्रों को पुरस्कृत कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश महासचिव पवन त्रिपाठी, किशन गुप्ता, आनंद त्रिपाठी, प्रधानाध्यापिका रहमत तारा, वीणा गौड़, श्वेता कुमारी, गीता सिंह, समिता सिंह, आरती गुप्ता, अभिषेक यादव सहित अन्य मौजूद है।

# कोसिकलां में फुटपाथ पर बने कई खोखों में अचानक लगी आग

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/कोसीकलां।** फुटपाथ पर बने कई खोखों में अचानक आग भड़क उठने से हड़कम्प मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि थोड़े ही समय में कई खोखे उसकी चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

वहीं पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि खोखों में रखी लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील सामग्री आग को और बढ़ा रही थी। करीब एक घंटे की मेहनत के बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया। घटना में कई खोखे पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए, जबकि कुछ आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। खोखा संचालकों का कहना है कि इससे उनका सामान, दस्तावेज और रोजी-रोटी का साधन सब कुछ राख हो गया। आग लगने के कारणों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी भी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने पीड़ित खोखा संचालकों से बातचीत की और उन्हें हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करने को कहा, ताकि प्रभावित लोगों को जल्द मदद मिल सके।

# आंगनबाड़ी सह क्रेच को केंद्र का पलिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति योजनांतर्गत ज्वालादेवी वार्ड, बागेश्वर में आंगनबाड़ी सह क्रेच (पालना) केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल द्वारा फीता काटकर किया गया।अपने उद्बोधन में श्री खेतवाल ने कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश परिवारों में महिला और पुरुष दोनों कार्यरत हैं तथा संयुक्त परिवारों का चलन कम होने से बच्चों की देखरेख विशेष रूप से महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो जाती है। ऐसे में नगर क्षेत्र में आंगनबाड़ी सह क्रेच केंद्र का संचालन जरूरतमंद कार्यशील महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने बागेश्वर नगर क्षेत्र में क्रेच केंद्र स्थापित करने हेतु राज्य एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास डॉ. मंजूलता यादव ने क्रेच केंद्र की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र में छः माह से छः वर्ष तक के बच्चों को डे केयर, पोषाहार, देखरेख एवं स्वास्थ्य निगरानी जैसी सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में नगर पालिका बागेश्वर, नगर पंचायत कपकोट एवं नगर पंचायत गरुड़ में तीन-तीन क्रेच केंद्रों के संचालन का प्रस्ताव है।उन्होंने कार्यशील महिलाओं से अपील की कि वे छः माह से तीन वर्ष तक के बच्चों को निकटतम क्रेच केंद्र में पंजीकृत कराएं।कार्यक्रम में सभासद प्रेम सिंह हड़ड़िया, प्रभारी बाल विकास परियोजना सुश्री सुनीता वर्मा, परियोजना की सुपरवाइजर प्रेमा पांडे (आंगनबाड़ी सह क्रेच केंद्र कार्यकत्री), पंजीकृत बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# गोवर्धन के रिंग रोड पर अंधेरा व खतरनाक मोड़ ले रहे लोगों की जान

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** नीमगांव से लेकर गोवर्धन तक करीब 8 किलोमीटर के इस मार्ग में एक दर्जन से अधिक मोड़ हैं। इसमें भी गोवर्धन रेलवे स्टेशन के पास जो मोड़ है, वहां अक्सर हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद न तो यहां दिशा सूचक लगे हैं और न ही रात में उचित लाइट की व्यवस्था है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिंग रोड का निर्माण होने के बाद बंबे के पुल पर डिवाइडर तो लगाए गए, लेकिन यह भी आधे अधूरे मार्ग पर ही हैं।

स्थानीय निवासी डॉ. हर्षवर्धन गोस्वामी, योगेश जोशी, तनुज जोशी और ऋषि गोस्वामी का कहना है कि पांच दशक पहले बने पुराने पुल को भी अभी तक नष्ट नहीं कराया गया है। ऐसे में मार्ग पर अंधेरा होने के कारण पुराने पुल को जाने वाला रास्ता वाहन चालक के अक्सर भ्रमित कर देता है। इस कारण भी यहां आए दिन वाहन दुर्घटना का शिकार होते हैं।

वाहन चालकों के लिए यह एक संपर्क मार्ग भी बना हुआ है। इसी मार्ग से होकर वाहन चालक वृंदावन, मथुरा, गोवर्धन, बरसाना और नंदगांव के लिए आते जाते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी सर्दी के मौसम में पड़ने वाले कोहरे दौरान आती है। वहीं जिम्मेदार विभाग पीडब्ल्यूडी ने इस ओर अपनी आंखें बंद कर रखी हैं। जबकि इस रोड पर गोवर्धन तहसील भवन भी स्थापित हो चुका है। स्थानीय निवासियों की मांग है कि इस मार्ग पर दिशा सूचक बोर्ड लगने चाहिए। इसके अलावा सड़क के दोनों तरफ सफेद पट्टी बनाने के साथ ही प्रकाश की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

# छटीकरा-राधाकुंड रोड पर दो अवैध कॉलोनियों पर गरजा महाबली

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने छटीकरा-राधाकुंड रोड पर अवैध रूप से विकसित की जा रहीं दो कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी ध्वस्तिकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह व सचिव आशीष कुमार के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। एमवीडीए के प्रवर्तन दल ने दो अलग-अलग स्थानों पर अनाधिकृत निमार्णों को ध्वस्त किया।

थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत मघेरा सीताराम आश्रम के सामने राजेंद्र सिंह राजपूत द्वारा विकसित की जा रही कॉलोनी विंदावली रेजीडेंसी को ढहाया गया।

इसके अलावा सोहन शर्मा द्वारा ग्राम वाटिका हनुमत विहार आवासीय योजना के दोनों गेटों के बीच विकसित की जा रही एक अन्य कॉलोनी को भी ध्वस्त किया गया।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्राधिकरण के प्रवर्तन दल के साथ थाना जैंत का पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अनाधिकृत निमार्णों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री का दो दिवसीय दौरा रहा ऐतिहासिक

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** प्रदेश के तेजतर्रार विधायक के रूप में पहचाने जाने वाले युवा विधायक कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बागेश्वर को दो दिवसीय दौरा ऐतिहासिक रहा। यह दौरा बागेश्वर के विकास के लिए, जिले के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।जिले के विकास को बुलंदियों पर पहुंचाने हेतु जिले को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में मुख्यमंत्री ने गरुड़ से बागेश्वर और बागेश्वर से कपकोट तक सड़क यात्रा से दौरा किया।

इस दौरात वह आम लोगों से मिले।जहां भी लोगों की भीड़ दिखी वहां लोगों से उनका हालचाल जाना, विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की और जनता द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लंबित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।साथ ही अधिकारियों को महत्वपूर्ण योजनाओं को जल्द मंजूरी दिलाने हेतु कार्ययोजना शासन को भेजने के निर्देश दिए। लोनिवि गेस्ट हाउस में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह बात की। उन्होंने कहा कि सीएम ने गरुड़, बागेश्वर में जन संवाद किया। कपकोट के केदारेश्वर मैदान में बीस हजार से अधिक लोगों के साथ ऐतिहासिक जनसभा की। हजारों की भीड़ ने यह बता दिया कि क्षेत्र में विकास की धारा बह रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक देश संमृद्धशाली देश बनाने के विजन को साकार करने की बात सीएम धामी ने की है। लोगों ने भी इसे सराहा है। कपकोट विधानसभा को अग्रणी विधानसभा बनाने का लक्ष्य लगातार आगे बढ़ रहा है। कपकोट विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वरोजगार औ? अन्य क्षेत्रों के विकास में ऐतिहासिक काम हो रहा है। पर्यटन, साहसिक पर्यटन की यहां अपार संभावनाएं है। इसमें स्वरोजगार को तराशा जा रहा है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता आम आदमी के सुख व दुख में शामिल है। यही कारण है कि निकाय व नगर पंचायत चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला। इससे कांग्रेस में बौखलाहट साफ दिख रही है। वही विपक्षी मुख्यमंत्री के दिवसीय दौरे से हतप्रभ है।

सरकार लगातार विकास की किरणों को अंतिम छोर तक पहुंचा रही है।वही विपक्षी सीएम के दौरे को निराशाजनक बनाने का काम कर रहे हैं।सरकार द्वारा जिस तरह विकास कार्य किए जा रहे हैं विपक्ष को यह पच नही पा रहा है। उन्होंने कहा जीत हमेशा सत्य की होती है। वह इसी ध्येय के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री द्वारा ऐतिहासिक घोषणाएं की जा रही है।

उन्होंने जिले को राज्य का उत्कृष्ट जिला बनाने हेतु लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करने की बात कही।

# बाल श्रम कराया तो होगी कड़ी कार्यवाही : मुख्य विकास अधिकारी

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति एवं जिला ट्रांसपोर्ट बाल श्रम एवं जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जिसके तहत उनके द्वारा बताया गया की यदि 14 साल से कम आयु के बच्चे से किसी भी नियोजन कार्य नहीं कराया जा सकता है।14 साल से कम उम्र के बच्चों से कार्य करने पर रुपया 20000 से 50000 तक जुमार्ना जुमार्ना अथवा अथवा 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है अथवा दोनों। उनके द्वारा यह भी बताया गया की शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा टीम का गठन करते हुए एक दिसंबर से लेकर के पन्द्रह दिसंबर तक चलाते जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद में कार्यरत बाल श्रमिकों को कार्य से पृथक करते हुए उन्हें पुनर्वासित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद में अभियान अवधि में फूल 16 प्रतिष्ठानों से 19 बाल श्रमिकों को कार्य से पृथक करते हुए सेवायोजाको के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अब तक की गई कार्रवाई में चिन्हाकित बाल श्रमिकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने एवं उन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उनके द्वारा यह भी कहा गया की अभियान अवधि में अधिक से अधिक बाल श्रम को चिन्हित कर उनका आर्थिक और शैक्षिक पुनर्वासन कराया जाए।

शासन की मंशा के अनुरूप 2027 तक जनपद को बाल श्रम से मुक्त करने हेतु जो भी कार्य हो सकता है उसको किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से रामेंद्र कुमार उपायुक्त उद्योग, नागेन्द्र पाल सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी, अनिल अप्रधान क्षेत्राधिकारी सदर, राजेश दीक्षित अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, जिला प्रोबेशन अधिकारी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से राहुल कुमार, योगेश कुमार, सतीश चंद्र शर्मा, मोहिनी शर्मा, सुदीपा त्यागी, प्रकाश चन्द श्रम प्रवर्तन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# शौर्य शक्ति फाउंडेशन की टीम की बैठक जिले में होगा विशाल शिक्षा सम्मेलन आशुतोष शर्मा

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद में पिछले दस वर्षों से कार्यरत शौर्य शक्ति फाउंडेशन के नेतृत्व में विशाल शिक्षा सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है शिक्षा सम्मेलन में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा की 500 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा शौर्य शक्ति फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया कि 9 दिसंबर को हापुड़ जनपद में शौर्य शक्ति फाउंडेशन के कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई जिसमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे और शिक्षा सम्मेलन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय का निर्माण होना चाहिए और शौर्य शक्ति फाउंडेशन गढ़ गंगा विश्वविद्यालय के लिए गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के प्रत्येक गांव में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्रा का आयोजन करेगा

बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव अंकित भड़ाना, प्रदेश अध्यक्ष सरवन शर्मा जिला अध्यक्ष विक्रम गुर्जर, जिला महासचिव बिन्दर कश्यप, जिला प्रभारी अंकित कौशिक, विक्की शर्मा सतपाल यादव आदि लोग मौजूद रहे ।आशुतोष शर्मा ने बताया शिक्षा सम्मेलन का प्रमुख विषय इस बार गढ़ गंगा विश्वविद्यालय होगा और छात्र-छात्राओं नौजवानों सामाजिक कार्यकताओं शिक्षकों और किसानों को गढ़मुक्तेश्वर विश्वविद्यालय के लिए जागरूक करने का कार्य और संगठन का सहयोग करने के लिए शिक्षा सम्मेलन के माध्यम से अनुरोध किया जाएगा।

शिक्षा सम्मेलन के बाद गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के अलग-अलग गांव जाकर गढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्रा प्रत्येक ग्रामीण के बीच पहुंचेगी और उनका सहयोग लेकर गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय का निर्माण होगा।आयोजन समिति में नरेंद्र सिंह, आशुतोष शर्मा ,आकांक्षा शर्मा, स्नेहा ऑस्कर विजेता, अंकित भड़ाना, अंकित शर्मा, विक्रम गुर्जर बिन्दर कश्यप सरवन शर्मा आदि लोग शामिल है।

## हत्या करने के बाल अपचारी को 3 वर्ष की सुधारात्मक अभिरक्षा में रखें जाने से किया दंडित

**रामघाट/बुलंदशहर।** हत्या करने के बाल अपचारी को 03 वर्ष की सुधारात्मक अभिरक्षा में रखे जाने से दडिंत किया।

आपको बताते दें बाल अपचारी द्वारा वर्ष-2004 में थाना रामघाट क्षेत्रान्तर्गत वादी हरपाल सिंह पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम ऊंचा गांव थाना रामघाट के भाई की गोली मारकर हत्या करने की दुस्साहिक घटना की गयी थी। जिसके संबंध में दिनांक 02.06.2004 को थाना रामघाट पर मुअसं- 56/2004 धारा- 302 भादवि पंजीकृत किया गया था तथा अवैध अस्लहा एवं कारतूस बरमादगी के सम्बन्ध में मुअसं- 58/2004 धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था तथा दिनांक 12.06.2004 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

# हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड के अतिक्रमण हटाने संबंधी निदेशों के अनुपालन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वन भूमि, नदी तट तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थित सभी अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमणों का चिह्नीकरण तत्काल पूर्ण कर विस्तृत रिपोर्ट कल तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण का चिन्हीकरण अत्यंत गंभीर विषय है तथा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर संचालित किया जाए। उन्होंने राजस्व, वन, सिंचाई, लोनिवि तथा अन्य विभागों को निर्देशित किया कि वे स्थल निरीक्षण, सर्वेक्षण एवं राजस्व अभिलेखों के आधार पर तथ्यात्मक एवं सटीक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से न्यायालय आयोजित करें, प्रकरणों की प्रगति की सतत समीक्षा करें तथा सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।वही किसी भी तरह से नदी नालों में नदी की अविरल धारा प्रभावित नही हो किसी भी प्रकार से अवैध खनन जैसी कोई स्थिति कही भी नही हो जिससे उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना हो।डीएम ने सभी अधिकारियों को न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम एन.एस. नबियाल, प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना, सभी एसडीएम, और सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई तथा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड के अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे।


## सार संक्षेप

### कुलदीप सिटी पब्लिक स्कूल में चौथा वार्षिकोत्सव अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




**झांसी।** समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बाबूलाल तिवारी जी शिक्षक विधायक, झाँसी प्रयागराज खण्ड, अति विशिष्ट अतिथि श्रीगाठी रमा निरन्जन सदस्य विधान परिषद एवं रामनरेश तिवारी राष्ट्रीय मंत्री भाजपा किसान मोर्चा एवं संजय पटवारी वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैट, तथा अध्यक्ष को रूप में एन० आर० सिंह संस्थापक कुलदीप ग्रुप ऑफ इन्स्ट्रीट्यूशन्स उपस्थित रहे। विशेष आमन्त्रित अतिथि श्रीमती विमल सिंह प्रबन्धक कुलदीप ग्रुप ऑफ इन्स्ट्रीट्यूशन्स रहीं। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि जी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया तत्पश्चात डायरेक्टर श्री कुलदीप सिंह ने वार्षिकोत्सव में पधारे हुये सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तत्पश्चात नन्हें मुन्हें छात्र/छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंख्ला में छात्र/छात्राओं ने रंग बिरंगी पोशाकों में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिनसे वार्षिकोत्सव की शोमा में चार चाँद लग गये। विद्यालय के ही छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गीतों पर अभिनय, गीत की प्रस्तुति की गई। इस विशेष अवसर पर स्कूल में विविध सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

### पहासू में सांडों का आतंक लड़ाई से लगा जाम, वीडियो सोशल मीडिया पर हुई वायरल



**पहासू /बुलंदशहर।** पहासू-अहमदगढ़ मार्ग पर सड़क पर सांडों की लड़ाई से मार्ग पर जाम लग गया। मार्ग पर कई सांडों की लड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। अहमदगढ़ मार्ग पर कई सांड़ आपस में भिड़ गए सांडों की भिड़ंत के बाद सड़क पर चल रहे वाहन वहीं पर खड़े हो गए, जिस की वजह से वहां काफी देर तक जाम की स्थिति बन गयी। कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। क्षेत्र में आवारा गोवंशों की मौजूदगी से लोग परेशान हैं, ग्रामीणों का कहना है कि गेहूं तथा आलू की कच्ची फसल को चट कर रहे हैं।

# कूड़े के ढेर से त्रस्त दर्जनभर परिवारों ने दिया पलायन का अल्टीमेटम

**वेलकम इंडिया**




**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में बरसों से फैली गंदगी और कूड़े के पहाड़ से परेशान एक दर्जन से अधिक परिवारों ने आखिरकार अपना धैर्य खो दिया। मंगलवार को लोगों ने अपने घरों पर पोस्टर चस्पा कर साफ चेतावनी दी कि अगर हालात नहीं सुधरे तो वे इलाके से पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे।

आरोप है कि राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बड़े मैदान को नगर पालिका के सफाई कर्मियों और कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर कूड़ा फेंकने का अड्डा बना दिया है। दिन में कचरे में आग लगाने से उठने वाला जहरीला धुआँ अस्थमा और सांस के मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।

प्रदर्शन करते हुए मोहल्ले के लोगो, दिनेश, मामचंद, प्रदीप, मिंटू, तरसेमपाल, रोहताश, देवेंद्र, राजीव, राहुल समेत कई अन्य, ने नगर पालिका और कॉलेज प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि पिछले लगभग 20 सालों से यह समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलेज मैदान की चारदीवारी तक नहीं हो पाई, जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों का कूड़ा भी यहीं फेंका जा रहा है ।पीड़ित परिवारों के अनुसार दुर्गंध और धुएँ के कारण कई लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ चुके हैं और कुछ की मौत भी हो चुकी है। अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि वे अपने मकान बेचकर दूसरे सुरक्षित स्थान पर बसने का मन बना चुके हैं।

प्रदर्शनकारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से तत्काल दखल देते हुए स्थायी समाधान सुनिश्चित कराने की अपील की है।

# बुंदेलखंड में रिपब्लिकन पार्टी का जनसंपर्क अभियान तेज–प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति ने महोबा व झाँसी में की व्यापक जन संगोष्ठियाँ

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार प्रजापति ने आज बुंदेलखंड क्षेत्र के महोबा एवं झाँसी ज़िलों में व्यापक जनसंपर्क एवं संवाद अभियान चलाया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम के दौरान प्रजापति जी ने अनेक जन संगोष्ठियों को संबोधित किया और स्थानीय नागरिकों, किसानों, महिलाओं, युवाओं व समाजसेवियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया।

उन्होंने लोगों को पार्टी की विचारधारा, नीतियों, सामाजिक मिशन तथा संगठनात्मक कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

अपने उद्बोधन में प्रजापति जी ने कहा कि, वर्तमान समय में अनेक राजनीतिक दल जनता को भ्रमित करने और समाज में विभाजन की स्थिति उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। किंतु रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अ) सामाजिक न्याय, समानता, समरसता और मानवाधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ कार्य करती है। हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, सम्मान और विकास पहुँचाना है।

उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले जी एवं प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने तथा जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु राज्य के सभी जिलों में अभियान निरंतर जारी है ।उन्होंने कहा कि पार्टी सबका विकास–सबका सम्मान की नीति पर चलते हुए वंचित, श्रमिक, पिछड़े व कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समर्पित है।

जनसंगोष्ठी में प्रजापति जी ने आगे कहा: हमारा उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज में समान अवसर, सम्मान और सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। इसलिए हर नागरिक को जाति, धर्म और वर्ग की सीमाओं से ऊपर उठकर सामाजिक एकता और प्रगति के लिए संगठित होना चाहिए।

जनसंवाद के दौरान स्थानीय नागरिकों ने अपने क्षेत्र की समस्याएँ, विकास से जुड़े मुद्दे एवं प्रशासनिक कठिनाइयाँ भी साझा कीं। प्रजापति जी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि प्रत्येक मुद्दे को पार्टी स्तर पर प्राथमिकता से उठाया जाएगा और संबंधित विभागों के समक्ष दृढ़ता से प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियान में उपस्थित बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, किसानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पार्टी की विचारधारा की सराहना की तथा संगठन से जुड़ने में उत्साह दिखाया।

# पुलिस मुठभेड़ मारे गए बदमाश का गमगीन माहौल में हुआ सपुर्द ए खाक





**वेलकम इंडिया**

**कांधला। ( मोहसिन रहमानी)** पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बदमाश का शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने पुलिस सुरक्षा के बीच गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। जनपद के थानाभवन क्षेत्र में देर रात बाबरी और थानाभवन पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई थी। पुलिस की गोली लगने से मुठभेड़ में कस्बा निवासी समयदीन उर्फ शामा घायल हो गया था। बदमाश के पांच साथी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस के अनुसार घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों मृतक घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था ।और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी पीएम हाउस पहुंच गए। देर शाम मृतक बदमाश का शव पीएम व डाक्टरी परीक्षण होने के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच उसके आवास पर पहुंचा ।शव देखने के लिए दर्जनों महिला पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों ने पुलिस सुरक्षा के बीच गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार मृतक समयदिन पर एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज थे और थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश था। जिस पर कर्नाटक के बेंगलुरु सहित जनपद के कई थानों में भी आपराधिक मामले दर्ज थे। लगभग एक वर्ष पूर्व शामली की कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था और जेल भेज दिया था।

विगत 18 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के भभीसा जंगलों में पुलिस की मुठभेड़ हुई थी ।जिसमें एक लाख का इनामू बदमाश नफीस पुलिस की गोली से मारा गया था। पुलिस के अनुसार समयदिन पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

# सीएचसी का निरीक्षण, लाभार्थियों को 108,102 एम्बुलेंस सेवाओं की दी जानकारी



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** सीएचसी का औचक निरीक्षण के दौरान पांच मंडल प्रभारी जयविंद् एवं जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने गर्भवती महिलाओं एवं अन्य मरीजों को 108 व 102 एम्बुलेंस सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जच्चा-बच्चा से जुड़े परिवहन के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा का उपयोग किया जाना चाहिए, जबकि दुर्घटना, बुखार, हृदय रोग, सांप काटने, झगड़े की चोट सहित अन्य आपात स्थितियों में 108 एम्बुलेंस सेवा निःशुल्क उपलब्ध है ।उन्होंने यह भी बताया कि गर्भवती महिलाओं को गर्भ ठहरने से लेकर बच्चे के दो वर्ष तक के टीकाकरण तक एम्बुलेंस सेवा का लाभ अवश्य लेना चाहिए।

ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस द्वारा मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने हेतु एम्बुलेंस तकनीशियनों, ईएमटी एवं पायलटों को निरंतर प्रशिक्षण, उपकरणों की गुणवत्ता तथा कार्यशैली को और बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सभी कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया ।निरीक्षण बैठक में सीएचसी के कर्मचारी कमल, नितिन, संदीप, प्रवेश, फारूख, दिलशाद, नरदेव, अमित, रोहित, देवेंद्र, यशवीर आदि मौजूद रहे।

# एनडीआरएफ टीम के द्वारा जिले में फैमेक्स कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**





**हापुड़।** जनपद के एस.एस.वी.डिग्री कॉलेज में एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम के द्वारा आपदाओं से बचाव एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर 08वीं वाहिनी एनडीआरएफ गाजियाबाद की टीम ने प्राकृतिक, रासायनिक, जैविक, नाभिकीय एवं मानव निर्मित आपदाओं में राहत और बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

08वीं वाहिनी एनडीआरएफ गाजियाबाद की टीम ने सीपीआर यानी कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन कि विस्तृत जानकारी दी। सीपीआर एक जीवनरक्षक तकनीक है, जिसका उपयोग तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की हृदयगति या सांस अचानक रुक जाती है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को यह विधि विस्तार से सिखाई गई। इसमें बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद हो जाए या वह सांस लेना बंद कर दे, तो तुरंत उसके सीने पर दबाव (चेस्ट कम्प्रेशन) दिया जाता है और कृत्रिम श्वसन (रेस्क्यू ब्रीदिंग) कराया जाता है। यह प्रक्रिया रक्त संचार और ऑक्सीजन की आपूर्ति को बनाए रखने में मदद करती है, जिससे व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सरल शब्दों में, सीपीआर वह प्राथमिक उपचार है जो आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुँचने से पहले किसी की जिंदगी बचाने का सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है।

बाढ़ से बचाव के उपाय बताए गए तैरने की तकनीक, नाव का नमूना बनाकर लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया, तथा प्लास्टिक बोतलों को शरीर से बांधकर पानी में तैरने का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही लोगों को यह भी समझाया गया कि बाढ़ के समय घबराना नहीं चाहिए और सामूहिक सहयोग से ही सुरक्षित निकासी संभव होती है। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि ऊँचे स्थानों पर शरण लेना, आवश्यक सामान को सुरक्षित रखना और बचाव दल के निदेशों का पालन करना जीवनरक्षक सिद्ध होता है। इस प्रकार प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए तैयार किया गया ।एपडॉमिनल थ्रस्ट (हैमलिक पद्धति) का प्रदर्शन किया गया, जिससे यदि कोई बच्चा या व्यक्ति कुछ निगल ले और गले में फंस जाए तो उसे सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला जा सके। इस दौरान प्रतिभागियों को समझाया गया कि यदि कोई बच्चा या व्यक्ति कुछ निगल ले तो उस समय व्यक्ति के पीछे खड़े होकर उसके पेट के ऊपर की ओर दबाव देना होता है, जिससे फंसी हुई वस्तु बाहर निकल जाती है। प्रशिक्षकों ने यह भी बताया कि यह उपाय तुरंत और सही तरीके से किया जाए तो किसी की जान बचाई जा सकती है ।सर्पदंश से बचाव पर विशेष जानकारी दी गई जिसमें जहरीले सांपों की प्रजातियों की पहचान कराई और बताया गया कि काटने की स्थिति में पट्टी कैसे बांधनी चाहिए। यदि गर्दन पर सर्प काट ले तो क्या करना चाहिए इसकी भी जानकारी दी गई। साथ ही यह समझाया गया कि सर्पदंश के बाद घबराना नहीं चाहिए और तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि विष फैलने से रोकने के लिए प्रभावित अंग को स्थिर रखना आवश्यक है तथा समय पर उपचार से जीवन बचाया जा सकता है। 08वीं वाहिनी एनडीआरएफ गाजियाबाद की टीम स०उप०निर० रामाकान्त सिंह यादव, हवलदार हुकुम सिंह, हवलदार प्रवीन कुमार, हवलदार मुन्ना कुमार, सिपाही दिनेश कुमार, रहे। इस दौरान कार्यक्रम के समन्वय हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से गजेन्द्र सिंह बघेल (आपदा विशेषज्ञ ), अमिता मिश्रा, सतीश कुमार, दीपक, नीरज कुमार, योगीराज समस्त स्टॉफ के लोग मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना बेलहरकला का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण, दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने थाना बेलहरकला का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया, जिसमें सर्वप्रथम थाना स्थानीय पर सुसज्जित सलामी गार्द द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर को सलामी दी तत्पश्चात उन्होंने थाना परिसर / कार्यालय निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ सफाई, पिंक बूथ, बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क आदि को चेक करने के साथ-साथ कार्यालय में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या/बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए इन्हें अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।

शस्त्रागार में शस्त्रों को नियमित साफ-सफाई करने, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदलकर नए प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से सम्बन्धित लावारिस एवं जब्त वाहनों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया ।साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए ।तत्पश्चात थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया साथ ही पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति अच्छा व्यवहार रखने एवं लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया । निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना बेलहरकला अनिल कुमार, अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने की दिशा में अहम पहल

**बुलंदशहर।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय रहते प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद की 12 क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों (सीसी टीम) को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। दिनांक 09 दिसंबर 2025 को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आशीष मुद्गल ने टीमों के सदस्यों को सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को फर्स्ट एड प्रदान करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. मुद्गल ने दुर्घटना स्थल पर घायलों को सुरक्षित तरीके से प्राथमिक सहायता देने, अत्यधिक रक्तस्त्राव को रोकने, घायल की स्थिति को स्थिर बनाए रखने तथा एम्बुलेंस के पहुंचने तक आवश्यक सावधानियाँ बरतने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद के शुरूआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, जिनमें दिया गया सही उपचार जीवन रक्षक साबित हो सकता है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात पूर्णिमा सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार कई बार घायल की जान बचा लेता है।

# राष्ट्रीय आविष्कार परीक्षा बीआरसी सेमरियावां पर सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार के दिन ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर स्थित जूनियर हाई स्कूल सेमरियावां में राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार परीक्षा का आयोजन किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह ने बताया कि ब्लॉक में स्थित सभी जूनियर हाई स्कूल और संविलयन विद्यालय के कुल 186 छात्र छात्राएं परीक्षा में बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए।

खंड शिक्षा अधिकारी की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हुई।विशिष्ट शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों की कॉपी जांच कर टॉप टेन छात्र छात्राओं के नाम पुरस्कार हेतु घोषित किए गए।

खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने परीक्षा में शामिल ब्लॉक सेमरियावां टॉप टेन छात्र छात्राओं के नाम की घोषणा की।

जिसमें बुधा बांध की नैन्सी, शादियाबाद की नंदिनी शर्मा ,शीतल बुधा बांध, सेजल चौधरी भैंसा सेहरी, सुहील कुमार बुढ़ान नगर,लक्ष्मी अमिला ,आर्यन रक्सा देवई, कुश कुमार,आनंद कुमार बाघ नगर और सुहानी राजा पुर सरैया का नाम शामिल है।इन्हें सम्मान समारोह आयोजित कर पुरस्कृत और सम्मानित किया गया।

इन प्रतिभाशाली बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित जफीर अली, अब्दुर्रहीम, विनोद यादव,जेडी अंसारी, मो आजम,मो शोएब अख्तर आदि बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 का आयोजन दिनांक 13 दिसंबर 2025 को

**संतकबीरनगर।** प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय हरिहरपुर, श्रीकांत तिवारी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 (कक्षा 06 में प्रवेश हेतु) का आयोजन जनपद में दिनांक 13 दिसंबर 2025 को प्रातः 11:30 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक जनपद के 10 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।उन्होंने बताया कि कक्षा 06 में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 में जनपद के कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु कुल 3818 बच्चे/परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

# याकूब मालिक की पारी से करसन घावरी ने किया डीपीएल 2025 अपने नाम



**वाराणसी।** आज के खिताबी भिड़ंत में पहले बल्लेबाजी करते हुए करसन घावरी एकादश ने निर्धारित बीस ओवर मे 246 रन बनाये जिसमें की याकूब मलिक ने की यादगार आतिशी बल्लेबाजी,मलिक ने 137 रन की विस्फोटक पारी खेली और अपने टीम को 246 रन तक पहुँचा दियो जबाब में एक नाथ सोलकर एकादश की टीम निर्धारित 20 ओवर मे 149 रन ही बना सकी,प्लेयर आफ द सीरीज का खिताब जम्मू काश्मीर के विस्फोटक बल्लेबाज याकूब मलिक को मिला जिन्होंने एक चमचमाती हीरो होंडा पुरस्कार स्वरूप मिला,उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फार फीजिकली चैलेन्जड एवं आयोजक अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बहुत दिनों बाद काशी के पावन धरती पर दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों ने बहुत ही उत्साह एवं उमंग के साथ डीसीएल टूनामेंट में भाग लिया तथा बहुत खुश नजर आए ।डॉ मनोज ने कहा कि दिबांग सेवा के तहत हमें सभी सम्मानित खिलाड़ियों को आत्म निर्भर बनाना तथा उन्हें मुख्य धारा में जोड़ना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है,मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने कहा कि लग ही नहीं रहा कि ये खिलाड़ी दिबांग है,बिलकुल सामान्य खिलाड़ियों की तरफ से ही ये लोग खेल रहे है संजय सिंह ने कहा कि अब पैरा ओलम्पिक में भी क्रिकेट को शामिल कर लिया गया है तथा 2029 में अपनी दिव्यांग क्रिकेट टीम हिस्सा लेगी।विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की सलाहकार सदस्य डॉ शिप्रा धर ने सफल आयोजन हेतु सभा खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया तथा कहा कि निकट भविष्य में खिलाड़ियों को और अधिक सुबिधा और नौकरी मिले तब जाकर खिलाड़ी आत्मनिर्भर बन पायेंगे, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों के हित की बात कही तथा कहा की ये खिलाड़ी ही देश के भविष्य हैं इनको समाज में उचित स्थान मिलना ही चाहिए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष प्रोफेसर ए के सिह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अश्विनी टंडन ने दियो हीरो होंडा की चाभी डॉ एस बी सिह ने याकूब मलिक को जैसा ही दिया खिलाड़ियों में उत्साह एवं उमंग देखने को मिला।

# बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान में वर्तमान प्रवृत्तियाँ (सीटीएनपीआर 2025) का हुआ उद्घाटन

वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान में वर्तमान प्रवृत्तियाँ (सीटीएनपीआर 2025) का उद्घाटन नौ दिसम्बर मंगलवार को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में हुआ जिसका आयोजन महिला महाविद्यालय के वनस्पति और बायोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग द्वारा मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में किया गया` कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न महामना पं.मदन मोहन मालवीय को पुष्प अर्पित करके और दीप प्रज्वलन से हुई प्रो.रीता सिंह प्राचार्य महिला महाविद्यालय ने स्वागत भाषण दिया और स्वास्थ्य सेवा नवाचार और सतत विकास में प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया।

सम्मेलन की अध्यक्षा प्रो.नीलम अत्री ने सहयोगात्मक और बहु-संस्थागत वैज्ञानिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला` संयोजक प्रो.के.एन.तिवारी ने सम्मेलन के थीमैटिक विजन और वैज्ञानिक ढांचे की रूपरेखा प्रस्तुत की` विशिष्ट अतिथि प्रो.वीरानूट निस्सापैट्रोन ने भारत के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे शैक्षणिक संबंधों जिसमें नई दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में उनका प्रशिक्षण शामिल है` को याद किया और प्राकृतिक उत्पाद अध्ययन को आगे बढ़ाने के लिए भारत और थाईलैंड के बीच अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित किया।

मुख्य अतिथि डॉ.सुदेश कुमार यादव, निदेशक, आई.एच.बी.टी.(हिमालयन औषधीय और सुगंधित पौधे संस्थान पलामपुर) पलामपुर ने औषधीय और सुगंधित पौधों में ट्रांसलेशनल रिसर्च की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और आई.एच.बी.टी.तथा साझेदार संस्थानों द्वारा की जा रही प्रमुख पहलों की जानकारी साझा की।

कुलपति प्रो.अजीत कुमार चतुर्वेदी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि प्रकृति ने न केवल जैविक विज्ञान के क्षेत्र में बल्कि आधुनिक तकनीकों में भी नवाचार को हमेशा प्रेरित किया है जैसे मानव मस्तिष्क से प्रेरित न्यूरल नेटवर्क उन्होंने शोधकताओं को सामाजिक दृष्टि से प्रभावशाली और प्रासंगिक वैज्ञानिक परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित कियो उद्घाटन सत्र का संचालन प्रो. रिचा रघुवंशी ने किया जो प्रो.निशी कुमारी के साथ सह- संयोजक भी हैं आयोजन सचिव डॉ.शची सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और डॉ.राकेश पांडेय के साथ उद्घाटन कार्यक्रम का समन्वय किया` सम्मेलन के संयोजक डॉ.राजीव मिश्रा भी उपस्थित थे और सह-संयोजकों के साथ सम्मेलन आयोजन गतिविधियों में समर्थन प्रदान किया।

# अग्निशमन अधिकारी ने बाजार क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा हेतु दुकानों में लगे सुरक्षा उपकरणों की जांच

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** अग्निशमन एवं आपात सेवा पुलिस महानिरीक्षक उत्तराखंड द्वारा निर्गत आदेश के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के आदेश के बाद प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में फायर यूनिट द्वारा नगर में विभिन्न स्थानों में आपातकालीन अग्निसुरक्षा में बचाव हेतु प्रभावी व्यवस्था हेतु व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

बागेश्वर क्षेत्रांतर्गत संवेदनशील मार्केट, गली, मोहल्ला (जहां फायर सर्विस वाहन नही जा सकते) बागनाथ गली बाजार, कत्यूर बाजार, दुग बाजार का निर्गत पत्र में अंकित मांगी गई बिंदुवार सूचनाओं को संकलित करने तथा अग्निसुरक्षा दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया।साथ ही दुकानों में स्थापित प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों (एक्सटिंगयुशर) का भौतिक सत्यापन किया गया।सभी दुकान स्वामियों कोआपात स्थिति से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव और हिदायत दी गई।साथ ही सभी व्यापारियों को अपने दुकानों में अग्निसुरक्षा उपकरण लगाने की अपील की गई।साथ ही नियमों का पालन नही करने, और दुकानों गोदामों के पास अग्निसुरक्षा उपकरणों को नही लगाने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।एफएसओ ने कहा कि कभी भी आपात स्थिति में कोई भी आग लगने की घटना होने पर तत्काल आग लगने की घटना पर रोक लगे, कोई बड़ा हादसा होने से होने वाले नुकसान से बचा जा सके इसके लिए सभी व्यापारी अग्निसुरक्षा उपकरणों को दुकानों में अवश्य लगाने की अपील की गई।

# काशी तमिल संगमम के कार्यक्रम से भारत देश की ख्याति बढ़ा रही है: रत्नमाला तिवारी

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** काशी और तमिल संगमम की चर्चा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के एमए की छात्रा रत्नमाला तिवारी से दैनिक ज्ञानशिखा टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार डाक्टर लियाकत अली जलज से एक अनौपचारिक मुलाकात कचहरी स्थित सर्किट हाउस में हुई` रत्नमाला तिवारी को कुशल संचालन में महारत हासिल है उन्होंने काशी तमिल पर चर्चा करते हुए कहा कि काशी विद्वानों की नगरी रही है।

ज्ञान विज्ञान पर हमेशा वेद शास्त्रार्थ होते रहे हैं सबसे पहले काशी आने वाले आदि शंकराचार्य, अगस्त मुनि रहे` दक्षिण भारत के प्रतिनिधित्व करने के लिए सुब्रमण्यम स्वामी भी आए इस तरह से अट्ठाइस राज्य और




नौ केन्द्र शासित प्रदेश के आवागमन से भारत देश प्रेम व्यवहार में अव्वल रहा।

रत्नमाला तिवारी ने काशी तमिल संगमम पर गंभीर चर्चा करते हुए दैनिक ज्ञानशिखा टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार डाक्टर लियाकत अली से काशी तमिल संगमम के बारे में विस्तार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक अनूठी सांस्कृतिक पहल है जो उत्तर और दक्षिण भारत की प्राचीन सभ्यताओं को फिर से जोड़ने का कार्य कर रही है।

यह संगमम ज्ञान, कला,भाषा और परंपराओं के आदानझ्प्रदान का जीवंत मंच है जहां काशी और तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत एक सूत्र में पिरोई जाती है उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता,सांस्कृतिक समृद्धि और ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को और मजबूत बनाता है।

# सीजीएसटी विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र का कायाकल्प

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** सीजीएसटी ऑडिट आयुक्तालय लखनऊ जो सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क,लखनऊ जोन के क्षेत्रीय नियंत्रण में कार्यरत है,ने स्वच्छता कार्य योजना 2025-26 के अंतर्गत एक विशेष परियोजना का शुभारंभ कियो यह पहल स्वच्छ भारत मिशन जिसे वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शुरू किया गया था,के महत्वपूर्ण घटक खुले में शौच-मुक्त (ओडीएफ )कार्य को समर्थन/ओडीएफ गाँव को समर्थन विषय पर आधारित है` परियोजना के तहत संबंधित आंगनवाड़ी केंद्र का संपूर्ण कायाकल्प आवश्यक माना गया इसमें भवन की छत से होने वाले रिसाव की मरम्मत,दीवारों में सीपेज का उपचार, अंदर एवं बाहर नई प्लास्टरिंग,खिड़कियों पर जालियों की स्थापना,मुख्य बरामदे में ग्रिल/गेट लगाना, रंग-रोगन तथा फर्श पर टाइल बिछाने जैसे कार्य शामिल थे। सीजीएसटी ऑडिट आयुक्तालय लखनऊ ने इस परियोजना को स्वयं अपने संरक्षण में लेकर सभी निर्धारित कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए। नवीनीकरण पूर्ण होने के बाद आंगनवाड़ी केंद्र को उपयोग हेतु बाल विकास विभाग को सौंप दिया गयो

नवीनीकरण के पश्चात आंगनवाड़ी केंद्र का औपचारिक उद्घाटन पी.के.कटियार मुख्य आयुक्त,सीजीएसटी लखनऊ जोन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुकेश कुमार पाल आयुक्त सीजीएसटी (ऑडिट) आयुक्तालय, लखनऊ; हुसैन धर द्विवेदी,अपर आयुक्त पियूष कटियार, अपर आयुक्त; सुजाता यादव,संयुक्त आयुक्त तथा गणेश रावत,अध्यक्ष नगर पंचायत बक्शी का तालाब भी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ, आयुक्त संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, तहसील दिवस संदर्भ सहित अन्य संदर्भों एवं लम्बित शिकायतों/प्रकरणों के निस्तारण से संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जयप्रकाश, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण आइ0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर अवश्य निस्तारित कर दें, जिससे कोई भी संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाए। संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारीगण नियमित तौर पर पोर्टल पर संदर्भों को प्राप्त होते ही निस्तारित करने की दिशा में कार्यवाही प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल से संबंधित शिकायती प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संदर्भों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि का फीडबैक पर विशेष ध्यान दिया जाए।उन्होंने कहा कि संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें जिससे संतुष्टि का फीडबैक बेहतर मिले।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो एवं जनसामान्य के शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे।

जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान आबकारी, व्यापार कर, परिवहन, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, वन विभाग, सिंचाई एवं नलकूप, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी।जिलाधिकारी नें लक्षित राजस्व देयों की वसूली में सुधार लाते हुये समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक विजयंत कुमार सिंह, अपर उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) धनघटा हृदय राम तिवारी, एसओसी विनय कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि डॉ0 राकेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मेहदावल, नायब तहसीलदार खलीलाबाद, अधिशाषी अभियंता विद्युत राजेश कुमार, उपायुक्त जीएसटी राजेश पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मंडी सचिव शिवनिवास यादव, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, औषधि निरीक्षक प्रीति सिंह, उप निबंधक खलीलाबाद राजेश कुमार, आबकारी निरीक्षक विजय आनंद, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी कमलेश सिंह, जिला बांट माप अधिकारी वी0पी0 वर्मा, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आर्मी का हर जवान हमारे भारत देश का गौरव और आन मान शान है: पूर्व कर्नल नन्दलाल यादव

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** भूतपूर्व सैनिकों द्वारा आर्मी सर्विस कोर का 265वां स्थापना दिवस लेढ़ूपुर स्थित कृपालु तिवारी के प्रांगण में मनाया गयो` कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व कर्नल नंदलाल यादव ने कियो इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व कर्नल नंदलाल यादव ने कहा कि देश की सीमाओं पर आर्मी के जवान हमेशा अपने कर्तव्य का पालन करते है आज किसान अगर देश और समाज का पेट भर रहा है तो उसी किसान का बेटा सीमा पर रखवाली कर रहा है आर्मी सर्विस कोर के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि इस लिए भारत देश के पूर्व प्रधान मंत्री ने नारा दिया था जय जवान जय किसान तथा इस लिए देश के लिए अपने प्राण न्यवछावर करने वाले जवानों को याद करना जरूरी है कोर की सेवाओं की महत्ता को समझना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कैप्टन विजय मिश्रा ने कहा कि देश का जवान हमारे भारत देश की आन मान और शान है जो हर मौसम में कड़ी धूप,कड़ी ठंडक में अपने मातृभूमि की रक्षा करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है इस अवसर पर कैप्टन श्रीकांत यादव पूर्व हवलदार उमाशंकर तिवारी नंदलाल पटेल रमेश विश्वकर्मा जमुना यादव भोलानाथ पाल राम अवतार यादव फेकन यादव और कई भूतपूर्व सैनिक ने अपने विचार व्यक्त किए।

# दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा खेलकूद प्रतियोगिता हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग गाज़ियाबाद के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत चल रही दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा, विधानसभा मोदीनगर का समापन माननीय विधायक डॉ मंजू सिवाच द्वारा किया गया ।विधायक द्वारा प्रतियोगिता में सम्मिलित विधानसभा मोदीनगर के सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों के द्वारा छात्रों में सकारात्मक सोच के विकास के साथ साथ नई प्रतिभाओं निकलती है जो आगे चलकर राष्ट्र के विकास में योगदान करती है ।सभी खिलाड़ियों को मोदीनगर का नाम जिले के साथ साथ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने युवा कल्याण विभाग को भी इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद करते हुए यह आह्वान किया कि इस प्रतियोगिता का इतना सफल आयोजन करानाकाफी प्रशंसनीय है।

डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल के सहयोग के लिए भी विधायक ने धन्यवाद किया इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी,ऋषि कुमार ,क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सर्वेश कुमार , मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण कुमार जैनर, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह, बाबूराम अशोक कुमार कैन, सोनी यादव आदि का विशेष योगदान रहा। इस दौरान जनपद के तमाम बड़े खेल प्रेमी उपस्थित रहे । जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि सभी विजयी प्रतिभागी 23 दिसंबर को महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाज़ियाबाद में सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा। सब जूनियर बालिका वर्ग में लक्ष्य अकादमी प्रथम, रुक्मणी मोदी महिला इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान पर रही। जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी मे आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीदनगर प्रथम एवं रुक्मणी मोदी महिला इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान पर रही, वहीं सब जूनियर बालक कबड्डी में भटजन प्रथम स्थान पर रही, जबकि जूनियर बालक कबड्डी में चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज पतला के खिलाड़ी प्रथम तथा बेगमाबाद के खिलाड़ी द्वितीय स्थान पर रहे ।सीनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में परतापुर प्रथम जबकि बेगमाबाद द्वितीय स्थान पर रहा।

फुटबॉल प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग में डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर प्रथम तथा गोविंदपुरी द्वितीय स्थान पर रहे ।सभी विजेता टीमों को मेडल एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# संयुक्त सेवा के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ )।** गुरुद्वारा सिंह सभा और उज्ज्वला सोसाइटी की संयुक्त सेवा के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए। गुरुद्वारा सिंह सभा और उज्ज्वला सोसाइटी की संयुक्त सेवा के अंतर्गत

पिछले 5 वर्षों से हम ठंड के मौसम में जरूरतमंद परिवारों तक गरम कपड़े पहुँचाकर मानवता की इस खूबसूरत परंपरा को निभा रहे हैं। इस वर्ष भी उज्जवला सोसाइटी ने गर्माहट, दया और प्यार की यह सेवा आगे बढ़ाई। श्रीमती सीमा अरोड़ा ने बताया कि हमारे लिए यह सिर्फ एक वितरण नहीं,बल्कि ह्लसरबत दा भलाह्ण की भावना से किया गया एक छोटा-सा योगदान है। इस मुहिम में सहयोग देने वाले सभी सेवादारों और साथियों का दिल से आभार। चलो, मिलकर नेकी की यह रोशनी और दूर तक फैलाएँ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा अरोड़ा (राष्ट्रीय अध्यक्ष उज्जवला सोसाइटी), ज्ञानी जी (गुरुद्वारा सिंह सभा), सरदार जसपाल सिंह जी, गुरमीत कौर ,शिखा भटनागर, पूनम सिंघल ,नीलू राय ,नीतू वशिष्ठ ,प्रांजल वशिष्ठ, दीपा भंडारी, अनुरीत कौर, पवन खुराना ,अभय जांगिड़ आदि सभी का सहयोग रहा।

# खेल टीम भावना को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है: डॉ मंजू शिवाच



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच ने कहा कि खेल मानव जीवन में शारीरिक सुदृढ़ता के साथ-साथ टीम भावना, नेतृत्व कौशल व सकारात्मक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।डॉ मंजू सिवाच मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित डा के.एन. मोदी इंटर कॉलेज में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, गाजियाबाद के तत्वाधान में आयोजित मा० विधायक खेल स्पर्धाह्व में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रही थी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी युवाओं में दिखा उत्साह, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण अत्यंत सराहनीय रहा। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल मानव जीवन में शारीरिक सुदृढ़ता के साथ-साथ टीम भावना, नेतृत्व कौशल व सकारात्मक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। यही गुण युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करते हैं। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन समिति के सदसियों द्वारा किए गए सफल एवं भव्य आयोजन की मैं हृदय से प्रशंसा करती हूँ तथा सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

# सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कस्बा निवाड़ी के प्राचीन शिव मंदिर में मंगलवार को सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया ।जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों ने भगवान हनुमान जी का गुणगान किया। उसके उपरांत हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। कस्बा निवाड़ी निवासी राजप्रकाश त्यागी व रघुनंदन त्यागी, संजय त्यागी श्रद्धालु भक्तों के साथ पिछले 18 वर्ष से ही भक्तिभाव के साथ सुंदर कांड का पाठ हनुमान जी को सुनाते हैं। सभी कस्बे वासियों पर बाबा की असीम कृपा बनी रहती है । भगवान से प्रार्थना की गई की सभी कस्बे वासी सुखी और स्वस्थ रहें ।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में ह्लनिर्माण 2025ह्न का शानदार आयोजन

गाजियाबाद। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन द्वारा अभिनव डिजाइन प्रतियोगिता निर्माण 2025 वियर द क्राफ्ट, फील द मोशन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने पूरे परिसर को रचनात्मक ऊर्जा, कौशल और नवाचार से भर दिया, जहाँ वास्तुकला को पारंपरिक ड्राइंग के दायरे से बाहर निकालकर एक पहनने योग्य और गतिशील कला के रूप में प्रस्तुत किया गया। दिल्ली–एनसीआर, देहरादून और हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागियों ने आर्क काउंटर और मोशन मैट्रिक्स प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी कल्पनाशीलता और डिजाइन कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक प्रो. (आर्क.) अंजलि कावत्रा के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद माननीय कुलपति प्रो. डॉ. प्रसंजीत कुमार एवं डीन अकादमिक प्रो. डॉ. शन्मुघनाथन ने छात्रों को नवाचार, प्रयोगधर्मिता और डिजाइन की गहराई को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा शानदार फैशन रैंप शो, जिसमें छात्रों ने स्वयं डिजाइन किए गए वास्तुशिल्प परिधानों को आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शित किया। इन परिधानों में स्थापत्य तत्वों, ज्यामिति, बनावट, संरचना और सांस्कृतिक सौंदर्य की अनूठी झलक दिखी, जिसने दर्शकों को बेहद प्रभावित किया।

# संभव जनसुनवाई में 22 संदर्भ प्राप्त, नगर आयुक्त ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों को तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। जनसुनवाई में कुल 22 संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश निर्माण विभाग से जुड़े थे।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 22 शिकायतें और मांगें प्राप्त हुईं।इनमें निर्माण विभाग की 6, स्वास्थ्य विभाग की 2, उद्यान विभाग की 1, संपत्ति विभाग की 4, टैक्स संबंधित की 1, जलकल विभाग की 5, अतिक्रमण की 2, अन्य विभाग की 1 शिकायतें प्राप्त हुईं। सभी शिकायतों पर नगर आयुक्त ने तुरंत संज्ञान लेते हुए विभागीय टीमों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों के साथ स्वयं जनसुनवाई की निगरानी की। प्राप्त शिकायतों के आधार पर टीमों ने कई मामलों में मौके पर जाकर निस्तारण भी कराया।निर्माण विभाग से सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त होने पर नगर आयुक्त ने विभाग को दो दिनों के अंदर स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। इसके अलावा, जनसुनवाई में शिकायतों के साथ कई स्थानों पर नए विकास कार्यों की मांग भी उठी, जिन पर नगर आयुक्त ने स्टीमेट तैयार कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।गाजियाबाद नगर निगम ने स्पष्ट किया कि संभव जनसुनवाई के अंतर्गत प्राप्त समस्याओं के समाधान पर निरंतर तेज गति से काम किया जा रहा है।कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एस.के. राय, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, अधिशासी अभियंता निर्माण एस.पी. मिश्रा सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


# सभी राजनैतिक दलों के साथ प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से चर्चा की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** उपजिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 57-मोदीनगर अजीत सिंह की अध्यक्षता में तहसील मोदीनगर के कार्यालय में सभी राजनैतिक दलों के विधानसभा अध्यक्ष/सचिव के साथ प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी । जिसमें उपजिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी राजनैतिक दलों को बताया गया कि विधानसभा 57-मोदीनगर में लगभग 74.56 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजिटाईज्ड हो चुका है और लगभग 23.72 प्रतिशत गणना प्रपत्र अप्राप्ति है, जिसके अन्तर्गत मृतक/शिफ्टेड/डुप्लीकेट/अनुपस्थित मतदाता पाये है।जिसके अन्तर्गत लगभग 12.20 प्रतिशत मतदाता अनुपस्थित पाये गये, जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी गाजियाबाद द्वारा तथा उपजिलाधिकारी महोदय द्वारा 44 टीमों का गठन किया गया है जो अनुपस्थित मतदाता को खोजने का कार्य कर रहे है तथा प्रत्येक बी0एल0ओ0 के द्वारा भी दिनांक 11.12.2025 तक अनुपस्थित मतदाता को खोजने का कार्य किया जा रहा है तथा सभी राजनीतिक दलों को एएसडी की सूची भी इस आशय के साथ उपलब्ध कराई गई है कि, अनुपस्थित मतदाता को खोजने का कार्य दिनांक 11 दिसंबर 2025 तक करके देंगे ह्ल उपजिलाधिकारी द्वारा इन सभी अनुपस्थित मतदाताओं को खोजने के लिए राजनैतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की गयी है।सभी राजनैतिक दलों द्वारा अनुपस्थित मतदाताओं को खोजने के लिए अपनें स्तर से बूथ लेविल एजेन्ट एंव अन्य व्यक्तियों की सहायता ली जायेगी। जिससे किसी भी उपस्थित मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित न हो पायें। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस पार्टी तथा राष्ट्रीय लोकदल के विधानसभा अध्यक्ष/सचिव उपस्थित रहे है।

# एसएफसी आयुर्वेद संस्थान? मोगा के छात्रों ने वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया





वेलकम इंडिया

**चंडीगढ़** –प्रतिष्ठित एसएफसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, धर्मकोट रोड, मोगा के नेतृत्व में संचालित एसएफसी आयुर्वेद संस्थान में अध्ययनरत डी. फामेर्सी (उप-वैद्य) के छात्रों ने हाल ही में आयोजित वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन किया है। प्रथम वर्ष में मनीषा कोछड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय वर्ष में मनप्रीत ने गौरवान्वित होकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी लगन और उत्कृष्टता ने उन्हें और संस्थान को भी बहुत गौरवान्वित किया है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (एडवोकेट) अभिषेक जिंदल ने मेधावी छात्रों और उनके गौरवान्वित अभिभावकों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया और उनकी निरंतर कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की। प्रथम महिला, श्रीमती शीनम जिंदल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए आधुनिक जीवन में आयुर्वेद की बढ़ती प्रासंगिकता और महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को इस क्षेत्र में सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. ए.एस. बेदी (समूह निदेशक - महाविद्यालय),डॉ. मोहित (प्रधानाचार्य - आयुर्वेद महाविद्यालय),डॉ. नेहा महाजन (प्रधानाचार्य - प्रबंधन महाविद्यालय),डॉ. कमलजीत (प्रधानाचार्य - फामेर्सी महाविद्यालय), मनजिंदर सिंह सेखों (प्रधानाचार्य - आईटीआई) मनदीप कौर (प्रधानाचार्य - नर्सिंग) के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे

# रुक्मणी मोदी महिला इंटर कॉलेज में सैनिटरी पैड वैन्डिंग मशीन व इंसीनटेर की स्थापना की गई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर के द्वारा स्थानीय रुक्मणी मोदी महिला इंटर कॉलेज में सैनिटरी पैड वैन्डिंग मशीन व इंसीनटेर की स्थापना की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू सिवाच में फीता काटकर सैनिटरी पैड वैन्डिंग मशीन व इंसीनटेर की स्थापना की।इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीमती सुलक्षणा दारापूरी एवं रोटेरियन वरुण शर्मा (अध्यक्ष),रुचि शर्मा,रोटेरियन सुरेंद्र अरोड़ा (सचिव), रेड क्रॉस की ओर से डॉ सुभाष गुप्ता,रोटरी क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू शिवाच ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ मंजू सिवाच ने छात्राओं को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया।इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और गरिमा को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती ऋचा सूद, जो एक प्रतिष्ठित सामाजिक व्यक्तित्व एवं रेडक्रॉस गाजियाबाद की ब्रांड एम्बेसडर मासिक धर्म स्वच्छता अभियान व महिला शक्ति की अग्रणी समर्थक हैं, ने छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मविश्वास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर संबोधित किया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा जागरूकता से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सुदंर नुक्कड़-नाटक और मनमोहक डांस प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया और मासिक धर्म स्वच्छता पर मजबूत संदेश दिया। इस अवसर पर रुचि शर्मा ने विद्यालय के लिए 15 कंप्यूटर्स प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई, जिससे छात्राओं को डिजिटल शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा योगदान होगा।साथ ही उन्होंने अगले प्रमुख प्रोजेक्ट ह्ल सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान की भी घोषणा की, जिससे बालिकाओं और महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। रेड क्रॉस की ओर से डॉ. सुभाष गुप्ता ने इस पहल की प्रशंसा की और विद्यालय के सहयोग का आभार व्यक्त किया ।रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद ग्रेटर समाज की सेवा, महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को समर्पित ऐसे और भी सार्थक प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानाचार्य श्रीमती सुलक्षणा दारापूरी सिंह ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का सम्मान किया और कार्यक्रम में पधारने परने पर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर श्रीमती आभा सिंह श्रीमती स्मिता वर्मा आदि अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।

# इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में गाजियाबाद नगर निगम का नाम दर्ज

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में गाजियाबाद नंबर वन बनेगा: नगर आयुक्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** स्वच्छता के क्षेत्र में गाजियाबाद नगर निगम ने इतिहास रचते हुए एक नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 25 सितंबर 2025 को आयोजित ह्यएक दिन, एक घंटा, एक साथ- स्वच्छता ही सेवा है अभियान में मात्र एक घंटे (सुबह 8:00 से 9:00 बजे) में 15,156 प्रतिभागियों ने एक साथ स्वच्छता गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अभूतपूर्व जनसहभागिता को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है, जिससे गाजियाबाद नगर निगम का नाम गौरवपूर्वक शामिल हो गया। जनभागीदारी का सबसे बड़ा उदाहरण इस अभियान में नगर निगम टीम, सफाई मित्रों, सामाजिक संगठनों, स्कूल-कॉलेजों, स्वयंसेवी समूहों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान का उद्देश्य केवल सफाई नहीं, बल्कि नागरिकों को यह संदेश देना था कि स्वच्छता तभी स्थाई हो सकती है जब हर व्यक्ति जिम्मेदारी के साथ हिस्सा ले। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के दिशा-निर्देश पर अभियान का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने किया। शहरभर में सफाई गतिविधियाँ, जागरूकता रैलियाँ और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई स्थानों पर सड़कों, पार्कों, सार्वजनिक स्थलों और सामुदायिक क्षेत्रों की व्यापक सफाई हुई। टीम को मिला सम्मान, नगर आयुक्त का उत्साहवर्धन रिकॉर्ड दर्ज होने पर नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, स्वच्छ भारत मिशन टीम, सफाई मित्रों तथा पूरी निगम टीम को बधाई दी। नगर निगम ने सभी सहयोगियों को अवार्ड सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान करके सम्मानित किया। नगर आयुक्त ने टीम को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में गाजियाबाद को नंबर वन बनाना है, इसी भावना से कार्य करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ठोस योजना के साथ और मेहनत से कार्य करने के निर्देश भी दिए। महापौर ने की सराहना, जनता का आभार व्यक्त महापौर सुनीता दयाल ने शहरवासियों और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वच्छता निरंतर प्रक्रिया है और यह रिकॉर्ड जनता के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब नागरिक और प्रशासन एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो किसी भी लक्ष्य को हासिल करना कठिन नहीं होता। स्वच्छता आधारित इस अभियान ने गाजियाबाद को न सिर्फ स्वच्छ बनाया, बल्कि एक जागरूक और जिम्मेदार समाज का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज उपस्थित रहे। सामाजिक संस्थान साथी फाउंडेशन और एसबीएम टीम के आसिफ खान ने विशेष सहयोग प्रदान किया, जिससे यह अभियान ऐतिहासिक सफलता हासिल कर सका।

# 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, गाजियाबाद में तैयारियां पूरी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के सचिव श्री कुमार मिताक्षर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशार्नुसार आगामी 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

न्यायालय स्तर पर आपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत चेक बाउंस के मामले, बैंक वसूली संबंधी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावे, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण, पानी के बिल से संबंधित मामले (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता से संबंधित वाद, अन्य सिविल विवाद जैसे किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा एवं विनिर्दिष्ट अनुपालन से जुड़े मुकदमे शामिल होंगे। इसके अलावा बिजली (गैर कम्पाउंडेबल को छोड़कर), वेतन, भत्ते व सेवानिवृत्ति लाभ संबंधी सेवा विवाद, तेल एवं गैस से जुड़े मामले, ई-ट्रैफिक चालान, 34 पी एक्ट तथा मोटर वाहन अधिनियम से जुड़े मामलों का भी निस्तारण किया जाएगा। प्रशासनिक एवं गैर-न्यायिक लोक अदालत में उपजिलाधिकारी स्तर पर राजस्व वाद, भरण-पोषण के वाद, पारिवारिक प्रमाण पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र आदि से संबंधित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाएगा। तहसीलदार स्तर पर राजस्व संहिता की धारा 34 के तहत दाखिल-खारिज वाद तथा धारा 67 के अंतर्गत ग्राम सभा भूमि से बेदखली संबंधी प्रकरणों का निस्तारण होगा। नायब तहसीलदार स्तर पर धारा 34 से संबंधित दाखिल-खारिज वाद निपटाए जाएंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी विभागीय योजनाओं से संबंधित शिकायतों, पेंशन और लाभ समय से न मिलने की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। चाइल्ड लाइन बच्चों से संबंधित शिकायतों पर आवश्यक कार्यवाही कर निस्तारण करेगी, जबकि वन स्टॉप सेंटर महिलाओं से जुड़ी घरेलू हिंसा तथा आकस्मिक सहायता से संबंधित मामलों को निपटाएगा। बाट एवं माप विभाग द्वारा बाट-तौल, पैकेज्ड कमोडिटी व अन्य संबंधित मामलों का निस्तारण एसीजेएम कोर्ट एवं लोक अदालत में किया जाएगा। नगर पंचायत स्तर पर हाउस टैक्स, जलकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई, बिजली तथा भूमि व राजस्व से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा। बैंक स्तर पर एनपीए खातों से संबंधित विवादों का निस्तारण होगा। पुलिस विभाग द्वारा ट्रैफिक चालान के मामलों को निपटाया जाएगा। बीएसएनएल टेलीफोन सेवा से संबंधित वादों का निस्तारण करेगा। जिला पूर्ति कार्यालय राशन कार्ड एवं जनहित से संबंधित शिकायतों को निपटाएगा तथा नगर निगम गाजियाबाद हाउस टैक्स, जलकल टैक्स व संपत्ति टैक्स से संबंधित विवादों का निस्तारण करेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद ने जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निस्तारण कराएं और लोक अदालत को सफल बनाएं।

# गाजियाबाद पुलिस ने आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में प्रदेश में बनाया कीर्तिमान, 93 फीसदी से अधिक शिकायतकर्ता संतुष्ट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नवंबर माह में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में गाजियाबाद कमिश्नरेट के 19 थाने प्रदेश में अव्वल रहे। रैंकिंग के अनुसार कुल 476 शिकायतों में से 444 शिकायतकताओं ने शासन द्वारा लिए गए फीडबैक में संतोष व्यक्त किया, यानी 93.28 प्रतिशत शिकायतकर्ता संतुष्ट पाए गए।

पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ ने बताया कि सभी शिकायतों का निस्तारण तय समय से पहले किया गया और एक भी मामला डिफॉल्टर श्रेणी में नहीं गया। मुख्यमंत्री कार्यालय से गुणवत्ता जांच के लिए चुने गए 11 मामलों को भी उत्कृष्ट पाया गया। कमिश्नरेट ने शिकायत निस्तारण में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए कई नई नीतियां लागू की हैं जिनमें वादी संवाद नीतिः प्रत्येक बुधवार को थानों में सीधे संवाद, जिससे शिकायतों का समाधान तेजी से हो। शिष्टाचार संवाद नीतिः थानों में फरियादियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार अनिवार्य, और बीट पुलिस द्वारा अपराधियों से संवाद। सिटीजन चार्टरः एफआईआर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी घर तक पहुंचाना, फीडबैक सेल के माध्यम से पुलिसकर्मियों की कार्यशैली पर नजर रखना। पुलिस आयुक्त ने कहा कि इन नीतियों और जनहितकारी अभियानों से जनता का पुलिस पर भरोसा बढ़ा है और गाजियाबाद पुलिस की जनसेवा, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। उन्होंने बताया कि आईजीआरएस रैंकिंग में और सुधार के लिए लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

# सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** अपने स्नेह और सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बहनें श्रीमती राजेश, श्रीमती मिथलेश और श्रीमती लतेश द्वारा अपनी प्रिय बहन डॉ. रेखा अय्यंगार (जो इन दिनों अमेरिका से भारत आई हुई हैं) के सम्मान में आयोजित विशेष संगीतमय समारोह आज अत्यंत गरिमा और भावनाओं के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति से संगीत प्रेमी जन अध्यक्ष डाक्टर जे एल रैना आर के गुप्ता, रमेश कुमार अरोड़ा हरिपालसिह सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक, वैश्य महासभा से अध्यक्ष अतुलआनन्द, एस के अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, परिवारजन और मित्र उपस्थित रहे, जिन्होंने इस मिलन को एक अविस्मरणीय स्मृति बना दिया। मुख्य प्रस्तुतकताओं—डॉ. रेखा अय्यंगार, विजय सिंह, ममता गुप्ता और विनोद भारद्वाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति से सरिता गुप्ता, अरविंद सिहल, डी के शर्मा,—ने दिल को छू लेने वाली गायिकी से हर दिल को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति में प्रेम, अपनत्व और स्मृतियों की गूंज साफ झलक रही थी। हाल ही में दिवंगत हुए महान अभिनेता धर्मेंद्र जी को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। झिलमिल सितारों का आँगन होगा, ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं, रहें न रहें हम महका करेंगेऔर देखा है ज़िंदगी को कुछ इतना करीब से जैसे अमर गीतों ने पूरा वातावरण भावनाओं से भर दिया और समारोह को एक गहरी संवेदनशीलता प्रदान की—जैसे हर व्यक्ति अपनी ही जीवन यात्रा से रूबरू हो उठा हो। कार्यक्रम का प्रत्येक क्षण बहनों के प्रेम, परिवार की एकता और संगीत की अनंत शक्ति का सजीव प्रमाण रहा। उपस्थित लोगों ने इसे दिल को छूलेने वाला, यादों में बस जाने वाला समारोह बताया।

# गाजियाबाद में फ्लैट खरीदारों ने बिल्डर और फाइनेंस कंपनी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें फ्लैट खरीदारों ने बिल्डर और फाइनेंस कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ितों की ओर से प्रदीप कुमार ने मंगल्या रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स ऑथम इन्वेस्टमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मंगल्या रियलटेक ने ज्ञान खंड प्रथम में बहुमंजिला आवासीय भवन निर्माण की योजना बनाई थी। इसके लिए बिल्डर ने भूखंड को रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड के पास गिरवी रखकर लोन लिया था। बाद में यह लोन और मॉर्गेज अधिकार ऑथम इन्वेस्टमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने अपने कब्जे में ले लिए। खरीदारों का आरोप है कि इस महत्वपूर्ण जानकारी को उनसे पूरी तरह छुपाया गया। पीड़ितों ने इमारत में कुल 21 फ्लैट खरीदे थे।

# भाजपा ने प्रदीप चौहान, प्रीति चंद्रा राय और देवेंद्र गिरी को प्रांतीय परिषद सदस्य नियुक्त किया



वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** संगठन चुनाव 2024 25 के आधार पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने गाजियाबाद महानगर से तीन नाम – श्री प्रदीप चौहान (मुरादनगर विधानसभा), श्रीमती प्रीति चंद्रा राय (शहर विधानसभा) और श्री देवेंद्र गिरी (साहिबाबाद विधानसभा) – को प्रांतीय परिषद सदस्य के लिए चयनित किया है। यह सूची प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय की संस्तुति पर जारी की गई। प्रांतीय परिषद के लिए इन तीन नामों की आधिकारिक घोषणा के बाद महानगर में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने नवनियुक्त सदस्यों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। मयंक गोयल ने कहा कि चयनित कार्यकताओं ने लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठा, प्रतिबद्धता और सक्रियता का परिचय दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी मिलने से गाज़ियाबाद महानगर संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा संगठनात्मक कार्यों में नई ऊर्जा का संचार होगा। कार्यकताओं ने इस निर्णय को भाजपा के संगठनत्व और योग्य कार्यकताओं के सम्मान का प्रतीक बताते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# महिला प्रकरणों में जल्दबाजी नहीं पहले अनिवार्य रूप से हो जांचः अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, गाजियाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और तत्पश्चात महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत सूचनाओं और प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज कराने से पहले तथ्यों की गहन जांच आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में पाया गया है कि शिकायतें आपसी रंजिश के कारण दर्ज कराई जाती हैं, इसलिए मामलों में संवेदनशीलता और सावधानी से कार्य करना अनिवार्य है। पुलिस विभाग के अनुसार, पिछले दो महीनों में 53 महिला संबंधित प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें से 18 मामलों का निस्तारण हो चुका है और शेष पर कार्रवाई जारी है। अध्यक्ष ने सभी प्रकरणों को क्रमवार सुनते हुए निर्देश दिया कि सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता आधारित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उन्होंने सभी विभागों से सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याण योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी मांगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर पात्र महिलाओं को योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती, जिसके कारण वे लाभ से वंचित रह जाती हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्रामीण स्तर पर योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा जागरूक नागरिकों का सहयोग लेकर महिलाओं को जागरूक किया जाए।

# लोकसभा क्षेत्र के सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील अपने एसआईआर के फार्म तुरंत जमा कराए- इंद्रजीत सिंह टीट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील एवं निवेदन है सभी राष्ट्रीय लोकदल के सम्मानित नेताओं से संगठन के पदाधिकारियों से और लोक दल में आस्था रखने वाले सभी मतदाता माताओं बहनों युवा साथियों से गुजारिश है निवेदन हैं कि रकफ के तहत जो वोट बनवाने का कार्य चल रहा है, अपने दो फोटो सहित अपना फॉर्म भर कर तुरंत अपने क्षेत्र के बी एल ओ के पास जमा करें। आखरी तारीख का इंतजार न करें न अपना मताधिकार सुनिश्चित करें मताधिकार संविधान द्वारा दिया गया सबसे बड़ा अधिकार है, आप सभी अपने अधिकार को सुरक्षित करें, वोट अवश्य बनवाएं। क्रांतिकारी अभिवादन के साथ, इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल मुख्य सदस्य अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश

# भ्रष्टाचार के आरोपों पर एबीवीपी का प्रदर्शन, मोदी कॉलेज का गेट बंद कर दिया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर स्थित मुलतानीमल मोदी डिग्री कॉलेज में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पदाधिकारियों ने प्राचार्य के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पदाधिकारी बड़ी संख्या में कॉलेज परिसर पहुंचे और मुख्य गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्राचार्य को हटाने की मांग तेज कर दी।

मौके पर मौजूद छात्रों ने बताया कि प्राचार्य कॉलेज में उपस्थित नहीं थे, जिसके बाद एबीवीपी पदाधिकारियों ने एक कुर्सी पर ₹भ्रष्टाचारी प्राचार्य लापता₹ का पोस्टर चिपकाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इससे छात्रों और स्थानीय लोगों में भी स्थिति को लेकर जिज्ञासा बनी रही। एबीवीपी का आरोप है कि करीब दस दिन पहले कॉलेज परिसर में पदाधिकारी चिरायु शर्मा के साथ मारपीट की घटना हुई थी, और यह हमला कथित तौर पर प्राचार्य के इशारे पर कराया गया था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती और उन्हें पद से हटाया नहीं जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कॉलेज में भ्रष्टाचार और मनमानी चरम पर है, जिससे छात्र हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन छात्रों की समस्याओं को लेकर उदासीन बना हुआ है, वहीं प्राचार्य पर कई गंभीर आरोप लगते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। विरोध की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और छात्रों से वार्ता करने का प्रयास किया। हालांकि, प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। पुलिस ने स्थिति शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए कॉलेज परिसर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। एबीवीपी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा। उधर, कॉलेज प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी नहीं मिल सकी है।




## 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैंपियनशिप में रोमांचक मुकाबले, कई टीमों ने दर्ज की जीत

**मेरठ।** नेहरू स्टेडियम मेरठ में आयोजित 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैंपियनशिप में मुकाबले रोमांच से भरे रहे। 5 दिसंबर से शुरू हुई इस चैंपियनशिप में प्रदेश भर की कुल 44 टीमें भाग ले रही हैं। 8 दिसंबर और 9 दिसंबर को हुए कई महत्वपूर्ण मैचों के परिणाम घोषित किए गए, जिनमें अनेक टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।